वर्ष : 33 ▸ अंक : 299 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 14 जनवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मकर संक्रांति की शुभकामनाएं

# महाकुंभ सनातन गर्व के महापर्व

# डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

एजेंसी । प्रयागराज

सनातन गर्व के महापर्व का शुभारंभ हो गया। पौष पूर्णिमा स्नान की शुरुआत के साथ ही महाकुंभ 2025 का आगाज हो गया है। सुबह से शाम के छह बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई है। मंगलवार को मकर संक्रांति का स्नान होगा, इस दिन अखाड़ों का पहला अमृत (शाही) स्नान भी होगा। मकर संक्रांति पर ढाई करोड़ श्रद्धालुओं के त्रिवेणी में डुबकी लगाने का अनुमान है। मेला प्रशासन के मुताबिक शनिवार को 35 और रविवार को 50 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस प्रकार महाकुम्भ की शुरुआत से पूर्व ही दो दिन में 85 लाख श्रद्धालुओं के स्नान करने की बात कही जा रही है। स्नान के लिए संगम क्षेत्रमें 12 किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है।





## शाही स्नान की तैयारियां पूरी

प्रयागराज महाकुंभ में सोमवार को पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व के सकुशल समापन के बाद अब महास्नान यानी 'शाही स्नान' की तैयारी पूरी हो गई है, जिसे इस बार 'अमृत स्नान' नाम दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान के अनुसार, महाकुंभ मेला प्रशासन की तरफ से पूर्व की मान्यताओं का पूरी तरह अनुसरण करते हुए सनातन धर्म के 13 अखाड़ों के लिए 'अमृत स्नान' का भी स्नान क्रम जारी किया गया है।

पेज 6 पर देखें विशेष कवरेज



# पर्यटन पुलिस करेगी पर्यटकों की सुरक्षा

## महाराष्ट्र में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए होगी पर्यटन पुलिस की नियुक्ति

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र में पर्यटकों के सुरक्षा के लिए अब पर्यटन पुलिस नियुक्त किए जाएंगे। मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कर्नाटक, गोवा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब जैसे राज्यों में पर्यटन पुलिस की तैनाती है। इसी के तर्ज पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र में पर्यटन पुलिस नियुक्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई के गोराई और मनोरी में थीम पार्क विकसित किया जाएगा। प्रत्येक जिले में मत्स्यालय, धार्मिक स्थल और हवाई अड्डा विकसित किए जाएंगे। इन परियोजनाओं के पहले चरण का काम शिर्डी, पुणे, नागपुर और बुलढाणा के शेगाव में शुरू होंगे। नाशिक के राम- काल पथ विकास और सिंधुदुर्ग के मालवण के समुद्र पर्यटन परियोजना को वॉर रूम से जोड़ा जाएगा।

### सीएम फडणवीस ने किया ऐलान



### 100 दिनों की कार्य योजना की समीक्षा

सोमवार को मुख्यमंत्री ने राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में पर्यटन विभाग के 100 दिनों की कार्य योजना की समीक्षा की। इस मौके पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, पर्यटन राज्य मंत्री इंद्रनील नाईक, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक और पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव अतुल पाटणे समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार की पर्यटन परियोजनाओं को गति से पूरा करने के लिए प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य लोकसेवा अधिकार कानून के तहत पर्यटन विभाग की 14 सेवाओं को आपले सरकार वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अनुदानित परियोजना में नाशिक के राम-काल पथ विकास, सिंधुदुर्ग के मालवण में पानी के नीचे समुद्री पर्यटन का अनुभव, स्वदेश दर्शन के तहत पुणे के आंबेगाव में पुरंदर शिवसृष्टी ऐतिहासिक थीम पार्क बनाने, सिंधुदुर्ग में पर्यटन विकास, अजंठा- वेरूल पर्यटन विकास का काम तेज गति से पूरा किया जाएगा।

### राज्य का पर्यटन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचेगा

पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव अतुल पाटणे ने बताया कि राज्य के पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न फेस्टिवल और रोड शो में शामिल होंगे। स्पेन के मैड्रिड में आयोजित फितूर अंतरराष्ट्रीय ट्रेड फेयर, नाशिक के ग्लेम्पिंग फेस्टिवल, दिल्ली के भारत पर्व, पुणे के जुन्नर में हिंदवी स्वराज्य महोत्सव समेत विभिन्न कार्यक्रम में पर्यटन विभाग हिस्सा लेगा।

### गोराई और मनोरी में थीम पार्क

गोराई और मनोरी में थीम पार्क विकसित करना, विंटेज कार संग्रहालय विकसित, मरकडा, लोनार में टेंट सिटी विकसित करने की योजना पर काम किया जाएगा। समुद्र तट पर रेत कला प्रशिक्षण और देखने की सुविधा बनाने के लिए प्रसिद्ध कलाकार सुदर्शन पटनायक की मदद ली जाएगी।

### 31 मार्च से पहले पर्यटन व्यवसायिक घर का पंजीकरण


मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को 31 मार्च से पहले उद्योग प्रमाणपत्र, कृषि पर्यटन यूनिट पंजीयन प्रमाणपत्र, साहसी पर्यटन यूनिट पंजीयन प्रमाणपत्र, कैरावैन पंजीयन प्रमाणपत्र, आई महिला उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत पंजीयन, पर्यटन व्हील का पंजीयन, पर्यटन अपार्टमेंट का पंजीयन प्रमाणपत्र, होम स्टेच पंजीयन प्रमाणपत्र, व्यवसायिक गृह पर्यटन पंजीयन प्रमाणपत्र इन सेवाओं को जल्द से जल्द शुरू करें।

### शक्तिपीठ महामार्ग का काम तत्परता से शुरू करने का निर्देश

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने यह निर्देश दिए हैं कि राज्य में परिवहन सुविधा, व्यावसायिक मौके और पर्यटन को व्यापक रूप से गति देने सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना शक्तिपीठ एक्सप्रेस-वे का काम शुरू करें।

बीड सरपंच हत्याकांड

# फडणवीस सरकार का बड़ा एक्शन



● नई SIT का किया गठन

एन. के. पुरोहित । बीड/मुंबई

महाराष्ट्र के बीड जिले के मसजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर हत्या के मामले में फडणवीस सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। पहले इस मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई थी। उसके बाद न्यायिक जांच के साथ एसआईटी का भी गठन किया गया था, लेकिन अब इस मामले में एक बार फिर नई एसआईटी का गठन किया गया है। नई एसआईटी में अनिल गूजर, पुलिस अधिकारी विजय सिंह जोनवाल, महेश विग्ने, आनंद शंकर शिंदे, तुलशीराम जगताप, मनोज राजेंद्र वाग, चंद्रकांत एस कलकुटे, बालासाहेब देवीदास अग्रहोगे, संतोष भगवानराव गित्ते को शामिल किया गया है। बसवराज तेली इस एसआईटी के अध्यक्ष होंगे।



### पूर्व की SIT पर संतोष देशमुख के परिवार ने आपत्ति जताई थी

प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष देशमुख की हत्या के मामले में जो एसआईटी नियुक्त की गई थी, उस पर संतोष देशमुख के परिवार ने आपत्ति जताई थी। देशमुख के परिवार ने आरोप लगाया था कि इनमें से कुछ अधिकारियों के वाल्मीकि कराड से संबंध हैं। इसके बाद अब एसआईटी को बदलने का फैसला किया गया है। नई एसआईटी के अध्यक्ष बसवराज तेली होंगे, लेकिन कुछ पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया है।

टोरेस निवेश घोटाला

# सभी हीरे और मूल्यवान पत्थर निकले नकली

● EOW ने कोर्ट को दी जानकारी




मुनीब चौरसिया । मुंबई

करोड़ों रुपये के टोरेस पोंजी घोटाले की जांच कर रही आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने कोर्ट को बताया कि हजारों निवेशकों को बेचे गए हीरे और पत्थर नकली निकले हैं। EOW ने इस घोटाले की शुरुआती जांच में यह पता लगाया है। वहीं, अबतक सोने के गहनों पर विस्तृत रिपोर्ट नहीं आई है, उसका इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों ने खुलासा किया कि 500 और 1000 रुपये की कीमत के पत्थरों को हाई क्वॉलिटी रत्न बताकर कई गुना ज्यादा दाम पर बेचा गया था। इतना ही नहीं, आरोपियों ने नकली पत्थरों को कीमती साबित करने के लिए खुद की ही एक वेबसाइट बनाई थी, जिसपर इन नकली पत्थरों के बारे में बड़ी-बड़ी बातें लिखी गई थीं।

### तीन आरोपियों की हिरासत बढ़ाई गई


मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बताया कि टोरेस घोटाले में वांछित 11 आरोपी फरार हैं और उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किए गए हैं। आरोपियों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। गिरफ्तार तीन आरोपियों उज्बेकिस्तान के नागरिक तजागुल जासातोव, रूसी नागरिक वेलेंटिना गणेश कुमार और सर्वेश सुर्वे को विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। सुर्वे प्लेटिनम हर्न में निदेशक थे, जबकि जासतोवा कंपनी में जनरल मैनेजर और कुमार स्टोर इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपियों ने ठगे गए पैसे को अवैध चैनलों के माध्यम से विदेशी खातों में स्थानांतरित कर दिया है। पुलिस के अनुसार, अब तक 1,916 निवेशकों ने धोखाधड़ी की शिकायत की है और आरोपियों से 17 करोड़ रुपये की राशि बरामद की गई है। ईओडब्ल्यू ने आगे कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि धोखाधड़ी का मास्टरमाइंड कौन था, किसने आभूषण कंपनी (प्लेटिनम हर्न) शुरू की और आरोपी को फर्म के लिए शुरुआती फंड कहां से मिला।

# मुंबई के 27 बीएमसी अस्पतालों में दवाओं की आपूर्ति ठप

● तीन-चार दिन का ही बचा है स्टॉक

धीरज सिंह । मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के 27 बीएमसी अस्पतालों में सोमवार से दवाओं की आपूर्ति पूरी तरह से बंद कर दी गई है। चिंता की बात यह है कि सिर्फ तीन-चार दिन का ही स्टॉक बचा हुआ है, जिसके बाद मरीजों को दवाओं की किल्लत का सामना करना पड़ सकता है।



### बीएमसी पर 48 आपूर्तिकर्ताओं का लगभग 120 करोड़ रुपये का बकाया

ऑल फूड एंड ड्रग लाइसेंस होल्डर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष अभय पांडेय ने बताया कि बीएमसी पर 48 आपूर्तिकर्ताओं का लगभग 120 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसका भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जब तक बीएमसी सभी बकाया भुगतान नहीं कर देती, तब तक दवाओं की आपूर्ति बंद रहेगी। अभय पांडेय ने आईएएनएस से कहा, ₹हमारे संगठन ऑल फूड्स एंड ड्रग्स लाइसेंस होल्डर्स फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में मैं यह बताना चाहता हूं कि हमारे सप्लायरों का बीएमसी पर 120 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें ईएमडी (अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट) और विजिलेंस डिपॉजिट भी शामिल हैं। इसके अलावा, हमारी नियमित आपूर्ति का पैसा पिछले छह महीने से लंबित है। इस कारण से हम सभी ने एक बैठक की और फैसला लिया कि जब तक हमें हमारे बकाया पैसे नहीं मिलते, हम बीएमसी के 27 अस्पतालों को दवाओं की आपूर्ति रोक देंगे।₹

# प्रधानमंत्री का महाराष्ट्र दौरा

● राष्ट्र को समर्पित करेंगे तीन अग्रणी युद्धपोत





दीपक पवार । मुंबई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। सुबह करीब 10 बजकर 30 मिनट पर प्रधानमंत्री मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 3:30 बजे वे नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

**मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का भी करेंगे उद्घाटन**

पेज 3 देखें

### एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का जलावतरण रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में वैश्विक रूप से अग्रणी बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर परियोजना का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत दुनिया के सबसे बड़े और सबसे परिष्कृत विध्वंसक युद्धपोतों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि, भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टील्थयुक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है, यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है। पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है और इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है।

# मुंबई पुलिस भर्ती परीक्षा में 'मुन्नाभाई' स्टाइल में चीटिंग

● माइक्रो इयरपीस के साथ धराया कैंडिडेट



नितिन तोरस्कर । मुंबई

मुंबई पुलिस की भर्ती में बीते दिन पांच ऐसे मामले सामने आए जिसमें पुलिस भर्ती की परीक्षा में पास होने के लिए विद्यार्थी चीटिंग करते पाए गए। इस खुलासे के बाद मुंबई के अलग अलग पांच पुलिस स्टेशन में परीक्षार्थियों के खिलाफ FIR दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### पूरा मामला

पहला मामला तिलक नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ जहां नवी मुम्बई के सानपाडा का रहने वाला गणेश विघ्ने नाम का विद्यार्थी ब्लूटूथ लगाकर परीक्षा के समय कॉपी करते पकड़ा गया। यह परीक्षा KJ सोमैया कॉलेज में हो रही थी। दूसरा मामला भी तिलक नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज ऊन जहां रामेश्वर वाघ नाम का परीक्षार्थी स्किन कलर का ब्लूटूथ लगाकर पेपर में कॉपी करता पाया गया। यह परीक्षा KJ सोमैया कॉलेज में हो रही थी। पुलिस इस मामले में उसकी मदद करने वाले दो आरोपी समाधान मोरे और अर्जुन जोरवाल की तलाश कर रही है। तीसरा मामला VP रोड पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ जहां पर कुमारी विद्या अंभोरे नाम की विद्यार्थी ब्लूटूथ का इस्तेमाल का परीक्षा में कॉपी कर रही थी। इस मामले में पुलिस को उसके दो साथी पूजा सदाफल और पंकज चव्हाण की तलाश कर रही है ये दोनों आरोपी परीक्षार्थी विद्या की मदद बाहर बैठकर कर रहे थे। चौथा मामला कांदिवली पुलिस स्टेशन ने दर्ज किया जहां निखिल नागरजोगे नाम का विद्यार्थी फर्जी हॉल टिकट बनाकर परीक्षा में बैठा था। पांचवा मामला कस्तूरबा मार्ग पुलिस स्टेशन का है जहां पर रउफ पठान नाम का विद्यार्थी स्किन कलर का ब्लू टूथ लगाकर कॉपी कर रहा था।

# एसबीआई एटीएम तोड़कर 27 लाख की लूट

## सबूत मिटाने के लिए एटीएम में लगाई आग

डीबीडी संवाददाता । पालघर

औद्योगिक शहर बोईसर के प. यशवंत श्रृष्टि स्थित एसबीआई एटीएम में रविवार को शातिर बदमाशों द्वारा 27 लाख रुपए की लूट से सनसनी फैल गई। लुटेरों ने एटीएम को गैस कटर से तोड़कर नगदी लूटी और फिर सबूत मिटाने के लिए आग लगा दी, ताकि पुलिस के लिए किसी तरह के सुराग न छोड़ें।




**पुलिस कार्रवाई शुरू**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील ने मामले की जांच के लिए जिले के तेजतर्रार पुलिस अधिकारी और क्राइम ब्रांच के प्रभारी प्रदीप पाटील को जिम्मा सौंपा। क्राइम ब्रांच ने मामले की गहरी तफ्तीश शुरू की और कहा कि इस लूट में शामिल शातिर बदमाशों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने एटीएम के पास सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, जिसमें रात 3 बजे के करीब संदिग्ध कार से एक युवक ने सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे डाला था।

### सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे डाला

घटना की जानकारी के मुताबिक, लुटेरों ने एटीएम को तोड़ने से पहले आसपास के सीसीटीवी कैमरों पर काला स्प्रे डाल दिया था, ताकि उनकी कोई तस्वीर कैमरे में न कैद हो सके। फिर, एटीएम में घुसकर गैस कटर से उसे काटा और 27 लाख रुपए की नकदी लूट ली। इसके बाद, उन्होंने आग लगाकर मौके से फरार हो गए।



### लूटपाट का मामला दर्ज

बोईसर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि लुटेरों की चालाकी ज्यादा दिन नहीं चलेगी और उन्हें जल्दी पकड़ लिया जाएगा।

# चार साल बाद मिली आठ साल की भतीजी से कुकर्म की सजा

## पॉक्सो कोर्ट ने फूफा को सुनाई 20 साल की जेल

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ठाणे की विशेष पॉक्सो अदालत ने चार साल पहले आठ वर्षीय भतीजी से दुष्कर्म करने के मामले में 56 साल वर्षीय फूफा को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसने 2020 में कई बार अपनी भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश वीएल भोंसले ने कहा कि 56 वर्षीय आरोपी को न्यूनतम सजा से अधिक सजा देने का कोई कारण नहीं है। साथ ही उसे पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने पीड़िता और आरोपी की उम्र, अपराध के तरीके आरोपी के शर्मनाक आचरण पर विचार करने के बाद फैसला सुनाया। अदालत ने मीरा रोड निवासी आरोपी पर एक हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने यह भी कहा कि अपराध की गंभीर प्रकृति और नाबालिग पीड़िता द्वारा झेले गए मानसिक आघात को देखते हुए उसे मुआवजा दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने मामले को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए। विशेष लोक अभियोजक वर्षा चंदाने ने बताया कि पीड़िता और आरोपी रिश्तेदार हैं। मार्च 2020 में पीड़िता की मां ने उसे अपनी ननद के घर भेज दिया था। मार्च से जून 2020 के बीच उसकी ननद के पति ने कई मौकों पर घर में लड़की के साथ दुष्कर्म किया। बताया गया कि इस दौरान पीड़िता की मां उत्तर प्रदेश के प्रयागराज गई हुई थी और कोविड-19 और लॉकडाउन के कारण वापस नहीं आ सकी।

**खबर संक्षेप**

### एफडीईए ने आयुर्वेदिक दवा कंपनी पर छापा मारा



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने एक कंपनी पर छापामार कार्रवाई की और लाखों आयुर्वेदिक दवाएं जब्त की। इस कार्रवाई के कंपनी प्रबंधन में हड़कंप मच गया। एफडीए ने कंपनी से कई दवाएं के सैम्पल लिए। इन सैम्पलों की आगे जांच की जाएगी। जांच में गड़बड़ी पाई गई तो कंपनी पर कानूनी कार्रवाई होगी। महाराष्ट्र सरकार के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA) ने सोमवार को बताया कि उसने पालघर जिले में एक आयुर्वेदिक उत्पाद निर्माण कंपनी के परिसर पर छापेमारी कर मानदंडों के उल्लंघन का पता लगाया है। एफडीए ने एक बयान में कहा कि उसके अधिकारियों ने 8 जनवरी को पालघल जिले में वाडा तालुका के धाकीवली गांव में 'शीतल मेडिकेयर प्रोडक्ट्स प्राइवेट' नामक कंपनी के परिसर पर छापेमारी कर 3 लाख 9 हजार 23 रुपए मूल्य की आयुर्वेदिक

### शादी का झांसा देकर बार यौन शोषण

**भिवंडी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शादी का झांसा देकर 25 वर्षीय एक बार गायिका से शारीरिक संबंध बनाने और उसे बदनाम किया गया। इस मामले में करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि कुछ समय पहले ही आरोपी युवक और पीड़िता में दोस्ती हो हुई थी। आरोपी पिछले साल 11 नवंबर को पीड़िता को भिवंडी इलाके में एक लॉज में ले गया, जहां दोनों ने शराब पी। नारपोली पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि जब पीड़िता नशे में थी तो आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और उससे साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें भी ले लीं। पुलिस ने बताया कि बाद में उसने तस्वीरें पीड़िता के परिचितों को साझा कर दीं। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया ।

# कोर्ट में पेशी पर आए आरोपी को दिया गांजा

## फिल्मी स्टाइल में पहली मंजिल की जाली तोड़कर कोर्ट परिसर से हुआ फरार

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

उल्हासनगर चोपड़ा कोर्ट में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जिसमें एक हत्या के प्रयास के मामले में आधारवाड़ी जेल से पेशी पर आए एक आरोपी को चप्पल में गांजा छुपाकर देने का आरोप है। गांजा देने वाला आरोपी पुलिस को फिल्मी स्टाइल में चकमा देकर कोर्ट की पहली मंजिल से जाली तोड़कर कूदकर फरार हो गया।



**केस डायरी**

बताया जाता है कि अशेला गांव में मुकेश जाधव नामक व्यक्ति रहता है। मुकेश की बहन का अपने पति के साथ पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी विवाद से नाराज होकर मुकेश ने अपने साथियों हर्षद सकट और अन्य लोगों के साथ अपने जीजा गंगवाने की पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पहले विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने मुकेश, हर्षद और अन्य चार लोगों को गिरफ्तार कर धारा 326 के तहत आरोप लगाया। मेडिकल रिपोर्ट के बाद धारा 307 बढ़ाई गई। इस मामले में आरोपियों को न्यायालय ने आधारवाड़ी जेल भेज दिया था।

### सवालों के बीच आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने चप्पल के डब्बे को खोलकर जांच की, तो उसमें गांजे की पुड़िया पाई गई। इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में गांजा लाने वाले आरोपी की हिम्मत की चर्चा हो रही है। इतना ही नहीं, आरोपियों के माध्यम से जेल में गांजा भेजने के मार्ग का भी खुलासा हुआ है, जिससे यह सवाल उठता है कि नशीले पदार्थ जेल तक कैसे पहुंचते हैं। इस घटना से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। फिलहाल, मध्यवर्ती पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है, ताकि यह पता चल सके कि फरार आरोपी ने गांजा हर्षद को दिया था या इसके माध्यम से जेल में किसी अन्य को भेजा जा रहा था।




### चप्पल के माध्यम से गांजा पहुचाने का आरोप

सोमवार को आरोपियों को पेशी के लिए कोर्ट लाया गया था। वापसी के समय कोर्ट में रुकने के दौरान आरोपियों के परिवार के सदस्य और अन्य लोग कोर्ट पहुंचे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति चप्पल का बॉक्स लेकर हर्षद सकट के पास आया। पुलिस को शक होने पर जैसे ही उन्होंने उसे आवाज दी, आरोपी चप्पल का डब्बा छोड़कर फिल्मी स्टाइल में कोर्ट की सीमेंट की जाली तोड़ते हुए कूदकर फरार हो गया। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया।

# प्रतिबंधित पतंग मांजा विक्रेताओं पर पुलिस की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

मकर संक्रांति के मौके पर भिवंडी में पतंग उड़ाने के दौरान हुई दो गला कटने की घटनाओं के बाद पुलिस ने प्रतिबंधित पतंग मांजा विक्रेताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों से दो विक्रेताओं को गिरफ्तार कर 1600 रुपये कीमत का नायलॉन मांजा जब्त किया है।




### घटना का विवरण

रविवार शाम 5 बजे के आसपास, शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस शिपाही नितिन मुकारी नंदीवाले गश्त पर थे। इस दौरान उन्होंने नई बस्ती इलाके के नगीना मस्जिद के पास अल्तमश अब्दुल सलाम अंसारी (29) को प्रतिबंधित पतंग मांजे की बिक्री करते हुए गिरफ्तार किया। उसके पास से 600 रुपये कीमत का नायलॉन मांजा जब्त किया गया। इसी समय, कोनगांव पुलिस ने मित्रप्रेम नगर में शिवसेना चौक के पास जनार्धन तुकाराम राउत (60) को गिरफ्तार किया और उसके पास से लगभग 1000 रुपये मूल्य का नायलॉन मांजा जब्त किया।

### आगे की कार्रवाई:

दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं और पर्यावरण सुरक्षा अधिनियम की कलम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है और इस तरह के विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया है।

# नाबालिग ने ट्रक चलाकर ऑटो रिक्शा चालक की ले ली जान

## एक व्यक्ति की हालत गंभीर

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

एक ट्रक चालक ने ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। ट्रक एक नाबालित व्यक्ति चला रहा था। शहर में सोमवार को दुर्घटना घटी, जहां दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मारने के बाद एक ट्रक मेट्रो निर्माण स्थल पर एक गड्ढे में गिर गया। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि इस टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चलाने वाले 15 वर्षीय नाबालिग चालक को हिरासत में ले लिया गया है।




### देर रात हुई दुर्घटना

पुलिस ने बताया कि घटना शहर के मुख्य घोड़बंदर रोड पर सूरज वाटर पार्क के पास देर रात ढाई बजे हुई और इस मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नाबालिग ट्रक चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद वाहन ने सड़क किनारे खड़े दो ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी और फिर मेट्रो निर्माण स्थल पर एक गड्ढे में जा गिरा।

### मृतक और घायल की हुई पहचान


उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ऑटोरिक्शा में सवार स्थानीय निवासी जितेन्द्र मोहन कांबले (31) घायल हो गए और उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दूसरे ऑटोरिक्शा में सवार एक व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने बताया कि कासारवडवली पुलिस ने नाबालिग चालक को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं मोटर वाहन अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की। यातायात पुलिस ने बाद में एक टोइंग वाहन (अन्य वाहन या वस्तु को खींचकर ले जाने वाला ट्रक या भारी वाहन) की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रक और ऑटो-रिक्शा को हटाया और सड़क पर यातायात को सुचारू रूप से बहाल किया।

# नायलॉन मांजा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई

## मकर संक्रांति के अवसर पर सुरक्षा सुनिश्चित करने की पहल

सुशील सिंह । कल्याण

मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी की धूम के बीच कल्याण-डोंबिवली में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन ने प्रतिबंधित नायलॉन, चीनी, और कृत्रिम मांजा बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई की है। छापेमारी में छह दुकानदारों के खिलाफ अपराध दर्ज किए गए, जो इन घातक मांजों की बिक्री में लिप्त पाए गए।



### प्रशासन की चेतावनी

कल्याण-डोंबिवली नगरपालिका ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंधित मांजा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। यदि कोई दुकानदार चोरी-छिपे इन मांजों की बिक्री करता है, तो पुलिस और नगरपालिका संयुक्त कार्रवाई करेंगी।

### सुरक्षा पर जोर

मकर संक्रांति के दौरान पतंग उड़ाने वालों, खासकर युवाओं और बच्चों, से अपील की गई है कि वे नायलॉन और चीनी मांजा का उपयोग न करें। अतीत में ऐसे मांजों के कारण पक्षियों के घायल होने और मोटरसाइकिल सवारों को गंभीर चोटें लगने जैसी घटनाएं हुई हैं।

### सख्त निर्देश और कार्रवाई

सरकार ने मकर संक्रांति पर घातक मांजों के उपयोग पर रोक लगाई है। बावजूद इसके, कुछ दुकानदार चोरी-छिपे इन्हें बेच रहे थे। पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे के निर्देश पर कोलसेवाड़ी, विष्णुनगर, बाजारपेठ, और महात्मा फुले पुलिस थानों के अंतर्गत छापेमारी की गई। खडकपाडा क्षेत्र में भी दो दुकानदारों पर कार्रवाई की गई।

### जिम्मेदार पतंगबाजी का आग्रह

प्रशासन ने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे मकर संक्रांति का आनंद लेते हुए दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखें और घातक मांजों का उपयोग करने से बचें। प्रतिबंधित मांजा जमा करने, बेचने, या उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 24 घंटे के भीतर दो घरों में सेंधमारी

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी में चोरों ने 24 घंटे के भीतर दो घरों में सेंधमारी की वारदातों को अंजाम दिया और कुल 2 लाख 75 हजार रुपए के आभूषण, मोबाइल फोन और अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। पहली चोरी की घटना शांति नगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में घटित हुई, जहां चोरों ने 1 लाख 15 हजार रुपए मूल्य का सामान चुराया। दूसरी घटना निजामपुरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई, जहां 1 लाख 60 हजार रुपए के आभूषण और अन्य सामान चोरी किया गया। दोनों घटनाओं में चोरों की तलाश जारी है, और पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज किए हैं। फातमा नगर स्थित अनमोल होटल के पास रहने वाली जमीला खातून कयामुद्दीन खान (45) ने अपनी शिकायत में बताया कि 10 जनवरी की रात करीब 11:50 बजे वह अपनी बच्ची के साथ घर में सो रही थी, और दरवाजा बंद कर लिया था। इस दौरान किसी अज्ञात चोर ने दरवाजे की कड़ी कुंडी खोलकर घर में प्रवेश किया और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन, सोने के आभूषण (गले का हार, चैन, चांदी की पैंजण) और नकदी चुराकर फरार हो गया। चोरी की कुल कीमत 1 लाख 15 हजार रुपए थी। शांति नगर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। संगम पाड़ा क्षेत्र की जैतूनबी मोहम्मद कर्नाचे (50) ने शिकायत दर्ज कराई कि रात के समय किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर कबाट का ताला तोड़कर 1 लाख 60 हजार रुपए के सोने के नेकलेस, रिंग, गले की चैन, अंगूठी, मंगलसूत्र और नगदी चोरी कर ली।

# भिवंडी मनपा ने अनधिकृत ड्रेनेज लाइन पर की कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी निजामपुर महानगर पालिका क्षेत्र में अनधिकृत ड्रेनेज लाइन बिछाने के मामले में मनपा ने सख्त कदम उठाते हुए कार्रवाई की है। ब्राह्मण अली इलाके में गणपति मंदिर के पीछे स्थित हाउस नंबर 136 की पांच मंजिला इमारत के मालिक महमूद मोमिन ने बिना अनुमति के सार्वजनिक सड़क खोदकर ड्रेनेज लाइन बिछाई थी।



**मामला दर्ज**

मनपा अधिकारियों के निरीक्षण के बाद, इमारत मालिक के खिलाफ निजामपुर पुलिस स्टेशन में बी.एन.एस. 2023 की धारा 324 (4), 324 (5), 326 (बी), और 326 (सी) के तहत मामला दर्ज कराया गया।

### प्रशासन की कार्रवाई

यह कार्रवाई मनपा प्रशासक एवं आयुक्त अजय वैद्य के आदेश पर कार्यकारी अभियंता संदीप पटणावर के मार्गदर्शन में की गई। इसमें पानी पुरवठा विभाग के उप अभियंता सर्फराज अंसारी, विराज भोईर (पथक प्रमुख), और नफीस मोमिन (सहायक पथक प्रमुख) की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

**सख्त निर्देश**

मनपा ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अनधिकृत निर्माण या कार्यों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, और नागरिकों से अपील की है कि किसी भी निर्माण के लिए उचित अनुमति लेना अनिवार्य है।

# रिक्शा चालक पर बर्फ तोड़ने वाले सुआ से हमला

## सवारी को लेकर विवाद

सुरेश चौहान । उल्हासनगर

बिर्ला गेट चौक पर सवारी को लेकर हुए विवाद में एक रिक्शा चालक पर बर्फ तोड़ने वाले सुआ से हमला करने की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। इस हमले में चालक को गंभीर चोटें आई हैं।

### पूरा मामला जानें

उल्हासनगर-1 में रहने वाला प्रीतम खैरे बिर्ला गेट से कल्याण के रूट पर रिक्शा चलाता है। गुरुवार को वह हमेशा की तरह बिर्ला गेट रिक्शा स्टैंड पर सवारी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान विवेक पाटिल नामक व्यक्ति ने सवारी देने के लिए जोर डाला। प्रीतम द्वारा विरोध करने पर दोनों के बीच बहस हो गई।



बहस के दौरान विवेक पाटिल ने बर्फ तोड़ने वाले नुकीले सुआ से प्रीतम पर हमला कर दिया। हमले में प्रीतम की जांघ, बांह, सिर और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। घायल प्रीतम खैरे को तुरंत उल्हासनगर सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### पुलिस कार्रवाई

प्रीतम की शिकायत पर उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में विवेक पाटिल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# डिलीवरी बॉय की लापरवाही

## यातायात नियमों का किया उल्लंघन

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

कल्याण में एक डिलीवरी बॉय का यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह डिलीवरी समय पर पहुंचाने की जल्दबाजी में नियमों की अनदेखी करता दिखा। इस घटना ने न केवल स्थानीय निवासियों को चिंतित किया है, बल्कि यातायात विभाग की निष्क्रियता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### डिलीवरी बॉय की गाड़ियों की जांच के आदेश



इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कल्याण यातायात शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाट ने कहा कि यह गंभीर मामला है और डिलीवरी बॉय की गाड़ियों की जांच के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इस घटना पर नाराजगी जाहिर करते हुए यातायात विभाग से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो इस तरह की लापरवाहियों से कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

### स्थानीय युवक ने रिकॉर्ड किया वीडियो



यह वीडियो स्थानीय युवक निलेश जगदाले ने रिकॉर्ड किया, जिसमें डिलीवरी बॉय अपनी गाड़ी की नंबर प्लेट पर स्टिकर लगाकर उसे छुपाने की कोशिश करता नजर आया। निलेश ने साहसिक कदम उठाते हुए डिलीवरी बॉय को रोका और पुलिस के हवाले किया। निलेश का कहना है कि इस तरह की लापरवाहियां बढ़ रही हैं, जो सभी के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जहां आम नागरिकों पर यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई होती है, वहीं ऑनलाइन डिलीवरी कर्मियों पर कड़ी निगरानी क्यों नहीं रखी जा रही है।

# बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न केस में हाईकोर्ट सख्त



## बच्चियां बहुत छोटी, जल्द पूरी हो सुनवाई: कोर्ट

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में एक बार फिर सख्ती दिखाई। अदालत ने कहा कि पीड़ित बच्चियां बहुत छोटी हैं इसलिए मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी होनी चाहिए।

### पिछले साल अगस्त का मामला

गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त में ठाणे के बदलापुर इलाके में स्थित एक स्कूल के शौचालय में चार और पांच साल की दो लड़कियों का एक पुरुष अटेंडेंट ने यौन उत्पीड़न किया था। मामला सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, अदालत ले जाते समय पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई और वह मारा गया। वहीं, मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित विशेष जांच (एसआईटी) आरोप पत्र दायर कर चुकी है।



### इन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने में नाकाम रहने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक और उसके प्रबंधन के दो सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। हाईकोर्ट ने घटना का खुद संज्ञान तब लिया था, जब यह बात सामने आई कि बदलापुर की स्थानीय पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं की।

### 'मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करने की जरूरत'

सोमवार को लोक अभियोजक हितेन वेनेगांवकर ने न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की पीठ को सूचित किया कि मामले की जांच पूरी हो गई है। आरोप पत्र दायर किया गया है और अब मामले की सुनवाई होगी। इस पर अदालत ने जोर दिया कि मामले की सुनवाई तेजी से पूरी करने की जरूरत है। पीठ ने कहा, 'मामले को तेजी से आगे बढ़ाना होगा क्योंकि पीड़ित बच्चियां बहुत कम उम्र की हैं। साथ ही पॉक्सो कानून के तहत लड़कियों से पूछताछ के दौरान एक महिला अभियोजक को मौजूद रहना होगा।'

### अब 20 को होगी सुनवाई

वेनेगांवकर ने कहा कि इस मामले में विशेष लोक अभियोजक की सहायता के लिए एक महिला अभियोजक नियुक्त की गई है। वहीं, अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तारीख तय की और तब तक अभियोजन पक्ष को मुकदमे की स्थिति के बारे में बताना होगा।

### समिति की रिपोर्ट को भी किया जाएगा पेश

पिछले साल, पीठ ने स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का भी आदेश दिया था। वेनेगांवकर ने सोमवार को कहा कि समिति ने अभी सिफारिशों पर अपनी रिपोर्ट नहीं सौंपी है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा कि अगर सुनवाई की अगली तारीख तक रिपोर्ट सौंप दी जाती है, तो उसे उसके समक्ष भी पेश किया जाएगा। वेनेगांवकर ने अदालत को यह भी बताया कि महाराष्ट्र सरकार की नीति के अनुसार लड़कियों की शिक्षा आठवीं कक्षा तक मुफ्त होगी। उन्होंने कहा, 'पीड़ित लड़कियों की नौवीं और 10वीं कक्षा में भी मुफ्त शिक्षा देने का प्रस्ताव किया गया है।'

### आरोपी के पिता की याचिका पर भी होगी सुनवाई

हाईकोर्ट 20 जनवरी को मृतक आरोपी के पिता द्वारा दायर याचिका पर भी सुनवाई करेगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उनके बेटे को पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मार दिया था।

# 2022 से लंबित है नवी मुंबई एयरपोर्ट के नाम बदलने का प्रस्ताव: ठाकरे



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोमवार को केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर अपनी निराशा व्यक्त की कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का नाम दिवंगत नेता डीबी पाटिल के नाम पर रखने की मंजूरी नहीं दी गई, यह प्रस्ताव जून 2022 में भेजा गया था। नवी मुंबई हवाई अड्डे पर काम फरवरी 2018 में शुरू हुआ था, और 2022 में महा विकास अघाड़ी सरकार ने इसका नाम 'लोकनेता स्वर्गीय डीबी पाटिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' रखने का फैसला किया था।

### डीबी पाटिल की जयंती पर पूछा सवाल

सोशल मीडिया एक्स पर आदित्य ठाकरे ने कहा, 'आज लोकनेता डीबी पाटिल की जयंती है। जून 2022 में, एमवीए सरकार के मंत्रिमंडल ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम श्री डीबी पाटिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखने का फैसला किया और केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी। वर्तमान स्थिति यह है कि कैबिनेट का फैसला अभी भी केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित है।'

# प्रदेश कांग्रेस में बदलाव के संकेत

## पृथ्वीराज चव्हाण को आलाकमान ने दिल्ली बुलाया



**मुंबई।** हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को महाराष्ट्र में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद से पार्टी के प्रदेश नेतृत्व में बदलाव की खबरें सामने आ रही थीं। अब खबर है कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण को कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली बुलाया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर पृथ्वीराज चव्हाण के नाम पर चर्चा हो रही है।

### अभी नाना पटोले हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

गौरतलब है कि मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की नैतिक जिम्मेदारी लेती हुए आलाकमान के सामने इस्तीफा देने की पेशकश की थी। लेकिन पार्टी के वरिष्ठ केंद्रीय नेताओं ने उन्हें अगले किसी भी आदेश तक प्रदेश अध्यक्ष बने रहने को कहा था। सूत्रों का कहना है कि पिछले कई दिनों से प्रदेश के कुछ बड़े नेताओं ने नाना पटोले की कार्य क्षमता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पटोले ने सीटों के बंटवारे का मुद्दा आखिर तक लटका कर रखा था। जिसकी वजह से चुनाव में तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया। इस बीच सोमवार को पृथ्वीराज को दिल्ली पहुंचने के लिए कहा गया। मीडिया गलियारों में चर्चा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर पृथ्वीराज चव्हाण का नाम सबसे ऊपर है। दरअसल कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व इसलिए जल्द बदलाव करना चाहता है क्योंकि अगले कुछ महीनों में राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं।

### प्रदेश कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा 26 जनवरी से

संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस 26 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2026 तक संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा का आयोजन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भाजपा द्वारा संविधान और संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का लगातार अपमान किया जा रहा है। यही कारण है कि कांग्रेस ने लोगों से जुड़ने के लिए इस राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर संविधान बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस यात्रा में पार्टी के सभी नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

# '18 साल से जेल में बंद हैं निर्दोष आरोपी'

## हाईकोर्ट से बोले बचाव पक्ष के वकील

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में 11 जुलाई 2006 को हुए ट्रेन धमाकों के मामले में आरोपी व्यक्तियों को 'निर्दोष होने के बावजूद' 18 साल से जेल में रखा गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट में सोमवार को यह दावा वरिष्ठ वकील एस. मुरलीधर ने किया।



### 'सांप्रदायिक पूर्वाग्रह दिखाती हैं जांच एजेंसियां'

मुरलीधर ने हाईकोर्ट से आग्रह किया कि वह दोषियों की सजा को रद्द कर उन्हें बरी करे। मामले पर जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चंडक की विशेष पीठ सुनवाई कर रही थी। वरिष्ठ वकील मुरलीधर उम्रकैद की सजा पाए दो दोषियों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। मुरलीधर ने हाईकोर्ट से कहा कि यह एक पैटर्न है, जिसमें जांच एजेंसियां आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच करते समय 'सांप्रदायिक पूर्वाग्रह' दिखाती हैं।

### ट्रेन विस्फोटों में 180 लोगों की हुई थी मौत

यह पीठ पिछले पांच महीनों से विस्फोट मामले से जुड़ी अपीलों पर हर दिन सुनवाई कर रही है। 11 जुलाई 2006 को मुंबई लोकल ट्रेनों में सात विस्फोट हुए थे। जिसमें 180 से ज्यादा लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। निचली अदालत ने सितंबर 2015 में 12 आरोपियों को दोषी ठहराया था, जिसमें से पांच को मौत की सजा और सात को उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। इसके महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिसमें मौत की सजा की पुष्टि की मांग की गई थी। वहीं, दोषी व्यक्तियों ने अपनी मौत की सजा और सजा के खिलाफ अपील दायर की थी।

### 'एटीएस ने प्रताड़ित कर दर्ज किए आरोपियों के बयान'

मुरलीधर ने कोर्ट से कहा, जांच में पक्षपाती दृष्टिकोण अपनाया जाता है। निर्दोष लोगों को जेल में डाला जाता है और वर्षों बाद जब सबूत नहीं मिलते, तो उन्हें छोड़ दिया जाता है। इसका मतलब है कि वह अपना जीवन फिर से नहीं बना सकते। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य के आतंकवाद रोधी-दस्ते (एटीएस) ने यातना देकर इन आरोपियों के बयान दर्ज किए हैं। 18 साल से ये आरोपी जेल में हैं। तब से एक दिन भी बाहर नहीं निकले। उनके जीवन का सबसे अच्छा समय जेल में ही बीत गया है।

## पश्चिम रेलवे

### प्रतिस्थापन कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400 008 - **निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/24-25/259 दिनांक 09.01.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान:** बिलिमोरा - वाघई खंड:- बिलिमोरा-वाघई (एनजी)-टीबीएसआर के संबंध में लकड़ी के स्लीपर को गैल्वेनाइज्ड स्टील चैनल स्लीपर के साथ इसकी फिटिंग के साथ बदलना और ट्रैकमैन के लिए टूल रूम सह रेस्ट रूम। **कार्य की अनुमानित लागत:** 3,31,30,897.97/- **ईएमडी:** 3,15,700/- **जमा करने की तिथि और समय:** 07.02.2025, 15.00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समय:** 07.02.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **0955**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# 17 पहाड़ियों पर लगेंगे CCTV

## मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने दिए आदेश

## असामाजिक तत्वों पर रखी जाएगी नजर

**मुंबई/पुणे।** पुणे शहर में कुल 17 टेकड़ियां (पहाड़ी) हैं। ये सभी टेकड़ियां वन विभाग के अंतर्गत आती हैं। उन पहाड़ियों का क्षेत्रफल कितना है? पहाड़ियों पर कितने पेड़ हैं? मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने इन सभी के बारे में जांच करने के आदेश दिए है। पाटिल ने कहा कि म्हातोबा हिल पर आग लगने की तीन घटनाएं हुईं। ढाई हजार पेड़ क्षतिग्रस्त हो गए। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि वे पहाड़ियों पर सीसीटीवी लगाएं, गार्ड नियुक्त करें, जमीन पर टावर लगाएं, घास को जमा होने से रोकें और मशीनों की मदद से घास को हटाकर उसका निपटारा करें। मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने पहाड़ियों पर अतिक्रमण और अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की। मंत्री ने कहा कि "पुणे की एक पहाड़ी के कारण सभी पहाड़ियों का मुद्दा सामने आ गया है।" सुरक्षा गार्डों की संख्या बढ़ाने तथा उन्हें वाहन उपलब्ध कराने पर निगरानी रखनी होगी। इस मुद्दे को सभी पहाड़ियों पर संबोधित करना होगा। मैं अब नहीं रुकूंगा। पहाड़ों पर जो कोई भी गलत काम करेंगे अब उसे छोड़ेंगे नहीं, उस पर कार्रवाई होगी।

### मनपा चुनाव पर क्या बोले मंत्री पाटिल?



मनपा व स्थानीय चुनाव कब होंगे? इस पर बोलते हुए चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद यह प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नगर पालिका और नगर पंचायत चुनाव का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष है। सुनवाई 22 तारीख को होगी। बीड मामले में सारा काम एसआईटी कर रही है। जांच एजेंसियों ने देशमुख परिवार को नहीं बुलाया। लेकिन, उनका जांच शुरू है। फडणवीस ने कहा है कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**TENDER NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from reputed and registered contractors on Mahatransco e-Tendering Website https://srmetender.mahatransco.in/ for the following Tender specification.

**E-Tender No SE/EHV Project/Circle/KLW/E-Tender -08/ 2024-25,**
**Subject** : The work of preparation of proposal for appointment of consultant for work of preparation of forest proposal and obtaining final NOC from forest department towards the work of construction 220kV PG-Manor Tr. Line for 220 kV Manor substation at Palghar (8.919 Ha).
**Rfx No. 7000034896**
**Estimated Cost: - Rs. 36,37,057.00 /- (**Including all taxes) **EMD to be paid- Rs 36,371.00 /-**
**Bid submission start date: - 13.01.2025 @ 12:00 Hrs**
**Last date for submission: - 27.01.2025 upto 12:00 Hrs**
**Bid opening date and time: - 27.01.2025 up to 12:00 Hrs (if possible).**
For further details visit our website **https://srmtender.mahatransco.in/**
Contact Person:Dy.EE (0) Tel No.9892875904, E-Mail Id: SE7600@mahatransco.in
Note: All eligible Contractors are mandated to get enrolled on SRM E Tenders (New) portal of MSETCL.

**Sd/-**
**SUPERINTENDING ENGINEER, EHV PROJECT CIRCLE, KALWA**

नासिक हादसा

# पीड़ितों के परिजनों को 5 लाख की सहायता



## घायलों का खर्च उठाएगी सरकार

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नासिक-मुंबई राजमार्ग पर हुए भीषण हादसे में जान गंवाने वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस दुखद घटना में मारे गए लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों के लिए 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज का पूरा खर्च सरकार द्वारा उठाया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में राहत प्रदान करना है।

9 एकड़ जमीन, 12 साल का समय और 200 करोड़ खर्च

# नवी मुंबई में बना एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर

**नवी मुंबई।** एशिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्कॉन मंदिर नवी मुंबई के खारघर में बनाया जा रहा है। इस मंदिर का उद्घाटन का कार्यक्रम 9 जनवरी से शुरू हो चुका। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई आएंगे और इस इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे। यह मंदिर नौ एकड़ में बनाया गया है। यह पूरी तरह से सफेद संगमरमर से निर्मित है। इस मंदिर के हॉल में भगवान कृष्ण की लीलाओं को 3डी तस्वीरों के जरिए दिखाया गया है। उद्घाटन समारोह में भजन सम्राट अनुप जलोटा, अभिनेत्री हेमा मालिनी और कई अन्य सम्मानित अतिथि शामिल होंगे।



### 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे इस मंदिर का उद्घाटन

इस मंदिर के निर्माण में सफेद और भूरे रंग के संगमरमर के पत्थरों का उपयोग किया गया है। मंदिर में एक सप्ताह तक धार्मिक अनुष्ठान चलेंगे। यज्ञ व अन्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। भगवान कृष्ण को समर्पित इस मंदिर का नाम श्री श्री राधा मदन मोहन है। 15 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मंदिर का उद्घाटन करेंगे।

### सिडको ने उपलब्ध कराई थी जगह

इस मंदिर के लिए सिडको (महाराष्ट्र के शहर और औद्योगिक विकास निगम) ने जगह उपलब्ध कराई थी, जिसके बाद ढाई एकड़ जमीन पर इस भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। भगवत गीता का प्रचार करने वाली संस्था इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) ने इस मंदिर का निर्माण कराया है। यह मंदिर नवी मुंबई के खारघर सेक्टर 23 में बनाया गया है और इस मंदिर को बनाने में 12 साल लगे हैं।

डीबीडी इन्फो

### दुनिया भर में लगभग 800 इस्कॉन मंदिर

इस्कॉन मंदिर के कई दरवाजे चांदी से बने हैं। दरवाजों पर शंख, चक्र और ध्वजा की सुनहरी छवियां बनी हुई हैं। इस मंदिर का निर्माण ग्लोरी ऑफ महाराष्ट्र योजना के तहत किया गया है। इस्कॉन मंदिर के संस्थापक श्रील प्रभुपाद की तीन मूर्तियों, भारत और विदेशों में उनके अनुयायियों की मूर्तियों, उनकी छवियों और उनके ग्रंथों के साथ एक स्मारक का निर्माण किया गया है। दुनिया भर में लगभग 800 इस्कॉन मंदिर हैं, लेकिन नवी मुंबई में यह एकमात्र मंदिर होगा, जहां इस्कॉन के संस्थापक प्रभुपाद जी का स्मारक बनाया गया है।

## बृहन्मुंबई महानगरपालिका

### महाटेंडर पोर्टल लिंक

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (सीवरेज संचालन) |
| प्रखंड | कार्यकारी अभियंता (एस.ओ.)डब्लू.एस. मलाड पीपीजी. स्टेशन |
| निविदा संदर्भ संख्या | 2025_MCGM_1135794_1 |
| विषय | मालाड पंपिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य और गोरेगांव पंपिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों को बदलना |
| निविदा की बिक्री | 14.01.2025 से समय 11.00 बजे<br>23.01.2025 तक समय 04.00 बजे |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in<br>इसके बाद कोई भी शुद्धिपत्र या परिशिष्ट केवल<br>बीएमसी पोर्टल/महाटेंडर पोर्टल लिंक साइट पर प्रकाशित किया जाएगा |
| संपर्क अधिकारी | |
| ए) नाम | श्री. जितेन्द्र पाबरेकर श्री भारत बाम्बले |
| बी) टेलीफोन नं. | 26368681 |
| सी) मोबाइल नं. | 9869253669 9987177069 |
| डी) ई-मेल पता | eemechsmalad.so@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
ई.ई.(एस.ओ) डब्ल्यू.एस. मलाड पीपीजी. स्टेशन

पीआरओ/2216/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# धधकता लॉस एंजेलिस

लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फैलने और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। जंगल की आग ने भड़कने के बाद कई शहरी इलाकों को चपेट में ले लिया। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों व सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब बारह लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है। बारिश की कमी से सूखा और तेज हवाएं आग में घी का काम करती हैं। मौसम का गरम रहना व बारिश की कमी भी आग के लिए ज्वलनशील परिस्थितियां बनाते हैं। इस बार आग को भड़काने में सौ मील प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली सेंटा एना हवाओं की भी बड़ी भूमिका रही है। इस बार ये हवाएं असामान्य रूप से बहती रही हैं। इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है।

# कांग्रेस के 25 साल में कई प्रयोग!



शकील अख्तर

कांग्रेस में प्रयोग का दौर लंबा चल गया। पार्टी अपनी क्षमता और कमजोरियों को पहचानने के बदले गठबंधन करने या न करने के एक छोर से दूसरे छोर के बीच लगभग 25 सालों से झूल रही है। देश की सबसे पुरानी पार्टी जो आजादी के आन्दोलन के नेतृत्व में कभी भ्रम या अनिश्चितता का शिकार नहीं हुई वह अब अधिकतर अनिर्णय की स्थिति में रहने लगी है। 139 साल पुरानी पार्टी है। पुराना होने का मतलब पुख्तगी (मजबूती) होता है। विरासत से इरादों की मजबूती सीखना। इन्दिरा गांधी कहती थीं- दूरदृष्टि कड़ी मेहनत पुख्ता इरादा। सीखना चाहिए। लोगों को अभी भी कांग्रेस से बहुत अपेक्षाएं हैं। जो विपक्षी दल इन्डिया गठबंधन टूट जाने की बातें कर रहे हैं वह भी यह कह रहे हैं कि कांग्रेस को इसे बचाने के लिए कुछ पहल करना चाहिए। सीधी बात है कि राष्ट्रीय दल एकमात्र है। इन्डिया गठबंधन के नेतृत्व का दावा कोई भी करे मगर किसी की पहुंच पूरे देश तक नहीं है। साढ़े दस साल से सत्ता में बनी भाजपा की भी नहीं।

उत्तर दक्षिण पूर्व पश्चिम हर जगह हर गांव कस्बे में कांग्रेस का झंडा होगा। कोई न कोई कांग्रेसी होगा जो 26 जनवरी 15 अगस्त को लेकर निकलता होगा। कांग्रेस को आप खारिज कर नहीं सकते। प्रधानमंत्री मोदी का इसीलिए सारा जोर कांग्रेस पर लगा रहता है। यह कांग्रेस की क्षमता है। जिसे उसे समझने की जरूरत है। बेलगावी कर्नाटक की सीडब्ल्यूसी में कांग्रेस ने कहा कि 2025 में कोई काम नहीं है। सिर्फ दो चुनाव हैं। दिल्ली और फिर साल के आखिर में बिहार। दोनों जगह वह भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी नहीं है। इसलिए कांग्रेस ने कहा कि वह 2025 को संगठन का साल बनाएगी। अच्छी बात है। क्योंकि खुद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले दिल्ली की सीडब्ल्यूसी में बहुत ही साफ शब्दों में पार्टी की कमजोरियों को स्वीकार कर चुके हैं। एक संगठन नहीं। दो भयानक गुटबाजी। एक दूसरे को हराने में सारी ताकत लगाना। तीन कोई रणनीति नहीं। योजना बनाकर चुनाव नहीं लड़ना। चार चुनावों की पहले से तैयारी नहीं करना। सामने आ जाने पर जैसे तैसे लड़ लेना। यह कमजोरियां हैं। तो ताकत और कमजोरी दोनों हैं। मगर उन्हें समझने और फिर उन पर काम करना की जरूरत है। इस साल की शुरूआत संगठन के हिसाब से ठीक हो रही है कि उसका अपना नया मुख्यालय बनकर तैयार हो गया है। और 15 जनवरी को कांग्रेस संसदीय दल की नेता उसका उद्घाटन कर रही हैं। सोनिया ने ही इसका शिलान्यास किया था। बहुत पहले जब उनकी केन्द्र में सरकार थी। कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर, 2009 को। पूरे 15 साल हो गए। अब बना। खैर! साल अच्छा है। लेकिन यह पार्टी आफिस बनने, संगठन का साल घोषित करने के मामले कांग्रेस के अपने हैं। आन्तरिक। लेकिन दूसरा पहलू भी बहुत महत्वपूर्ण है। विपक्षी एकता का। कांग्रेस के लिए सबसे ज्यादा। इसलिए कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसने कभी भी बीजेपी से समझौता नहीं किया। और आज लड़ाई बीजेपी से ही है। और उस बीजेपी से जो अपने इतिहास में सबसे मजबूत इसी समय है। बाकी सारे विपक्षी दल कभी ना कभी बीजेपी के साथ रह चुके हैं उसका समर्थन कर चुके हैं। 1967 में लोहिया के गैर कांग्रेसवाद के समय, 1975 में जेपी आन्दोलन के समय, 1989 में वीपी के समय और लास्ट अभी 2012 -13 के अन्ना आन्दोलन के समय। लेफ्ट लालू, मुलायम, ममता सब कभी ना कभी बीजेपी के साथ एक नाव पर सवारी कर चुके हैं। कांग्रेस को हटाने के नाम पर बीजेपी का साथ सबने दिया। मगर कांग्रेस अभी है। जनता उसे चाहती है। कांग्रेस के बारे में वह शेर जो सुन-सुना कर हो तो बहुत प्रचलित गया है। मगर सटीक बैठता है कि-'मुद्दई लाख बुरा चाहे तो क्या होता है, वही होता है जो ...!' और इसीलिए कांग्रेस की जिम्मेदारी भी बड़ी है। इन्डिया गठबंधन उसकी कोशिशों से बना था। दो काम एक साथ हो रहे थे। राहुल की पहली यात्रा। भारत जोड़ो। और इन्डिया गठबंधन की बैठकें। पटना, बैंगलूरू, मुम्बई। एकता संभव हुई। इन्डिया गठबंधन बना। और सफल रहा। रिएक्शन में भाजपा ने एनडीए की बैठक की। उस एनडीए की जिसका नाम भी बीजेपी नहीं लेती थी। इन्डिया गठबंधन पर तगड़े हमले शुरू हुए। भाजपा, मीडिया, मोदी सबके। उनका डर था। और वह सही निकला। लोकसभा में भाजपा बहुमत से दूर रह गई। कहां उसके पास 2019 में 303 सीटें थीं। और 2024 में मोदी चार सौ पार का नारा लगा रहे थे। वहीं विपक्षी एकता के दम पर भाजपा के केवल 240 पर रुक गई। चन्द्रबाबू नायडू, नीतीश कुमार, चिराग पासवान, जयंत चौधरी और मांझी ऐसे कई छोटे-छोटे दलों का समर्थन लेना पड़ा। जैसा राहुल ने कहा 56 इंच की छाती नहीं रही। सही बात है। और यह संभव हुआ एक होकर लड़ने से। जनता का डर खत्म हुआ। वह सामने आई और छाती सिकुड़ गई। अब दोनों बातें अलग-अलग हैं। पहली कांग्रेस के अपने संगठन की। जिसे उसे बिना किसी के लिहाज, फेवर, नाराज होने के डर और जो एक शब्द कांग्रेस में चलता है एडजस्ट करना से दूर होकर करना पड़ेगा। खुद खरगे के मानने, सार्वजनिक रूप से स्वीकार करने के बाद कि संगठन कहीं नहीं है इस काम को सबसे टाप प्रायरटी पर करना होगा। बेलगावी सीडब्ल्यूसी में एक बात और कही थी कि योग्य लोगों को ढूंढ कर लाना होगा। यह सबसे महत्वपूर्ण है। गणेश परिक्रमा करने वालों से बचना होगा। दूसरी बात विपक्षी एकता की। यह भी उतनी ही जरूरी है। आप खुद समर्थ हों और साथ में साथी हों तो लड़ाई आसान हो जाती है। नहीं तो अकेले-अकेले सब दीवार से सिर फोड़ते रहते हैं। कांग्रेस ने 2004 में जो वाजपेयी सरकार को हराकर जीत पाई थी वह गठबंधन राजनीति का ही परिणाम था। कांग्रेस ने 1998 में अपने पचमढ़ी सम्मेलन में एकला चलो की नीति अख्तियार की थी। मगर उसके बाद हुए 1998 और 1999 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई।

सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष थीं। उन्होंने 2003 में दूसरा चिंतन सम्मेलन किया। शिमला में। और यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाते हुए गठबंधन की राजनीति को स्वीकार किया। नतीजा फौरन मिला। 2004 में केन्द्र में यूपीए की सरकार बन गई। गठबंधन हो या एकला चलो यह पार्टी की परिस्थितियों पर निर्भर करता है। इसका कोई सिद्धांत या नियम नहीं है। 1967 में समाजवादियों से गठबंधन करके ही भाजपा के तब के जनसंघ के देश की मुख्यधारा की राजनीति में आने के द्वार खुले। अगर लोहिया अपने अंध नेहरू विरोध में जनसंघ को साथ नहीं लाते तो वह हिन्दू महासभा की तरह ही सीमित दायरे की पार्टी बनकर रह जाती। मतलब वही है। परिस्थिति के अनुसार समझौता या अकेले। मगर संगठन का काम पहले और मजबूती से। बिहार यूपी में है ही नहीं। बस अध्यक्ष पर अध्यक्ष बदले जाते हैं।

जीवन मंत्र

गौर गोपाल दास

## क्षमा करना सीखें


> आज हम सब त्वरित निदान वाली दुनिया में रहते हैं, जिसमें भोजन को माइक्रोवेव करते ही यह तुरंत गरम हो जाता है। हम अपनी फिल्में स्ट्रीम कर सकते हैं और जब चाहें, तब उन्हें देख सकते हैं।



महानगरों या तमाम बडे. शहरों में आप बिना होर्डिंग देखे एक भी सड़क पार नहीं कर सकते। हर कुछ कदम पर किसी न किसी उत्पाद की खरीदारी का आह्वान करते बोर्ड मिलेंगे। ये उत्पाद आपके सामाजिक जीवन के लिए जरूरी हैं। इन विज्ञापनों ने आपकी कल्पना के लिए कुछ नहीं छोड़ा है। आप अपने उत्पादों की खरीद-बिक्री कैसे करते हैं, यह दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में मानव स्थितियों के बारे में आपका दृष्टिकोण कैसे बदल गया है। अब हम सब अपने रिश्तों की पेचीदगियों से परेशान नहीं होते, क्यों? क्योंकि हम लोगों के बारे में नहीं, उनके उद्देश्य या उपयोगिता के संदर्भ में सोचते हैं और इसलिए हमारी बातचीत उस इरादे से प्रेरित होती है। हम उत्पादों के बारे में भी यही तो सोचते हैं। आज हम सब त्वरित निदान वाली दुनिया में रहते हैं, जिसमें भोजन को माइक्रोवेव करते ही यह तुरंत गरम हो जाता है। हम अपनी फिल्में स्ट्रीम कर सकते हैं और जब चाहें, तब उन्हें देख सकते हैं। अपने फोन के इस्तेमाल से तत्काल यात्रा की व्यवस्था कर सकते हैं। मगर अफसोस! हमारे रिश्ते उस तरह नहीं चलते। वे एक पौधे के विकास के सिद्धांत का पालन करते हैं- इनको निरंतर देखभाल की आवश्यकता होती है, ताकि एक दिन वे खिल सकें। यहां कोई शॉर्टकट नहीं है। अपने रिश्तों को बेहतर बनाने में जो गुण सबसे अधिक हमारी मदद कर सकता है, वह है क्षमा! मगर यह आसान नहीं। क्षमा को सिद्धांतबद्ध करना कठिन है। मगर क्षमा हृदय को ऊष्मा से भर देती है और दंश को ठंडा करती है। यह एक ऐसा विकल्प है, जिसे हममें से प्रत्येक को अपने रिश्तों को बचाने और मन की शांति के लिए चुनना चाहिए।

शख्सियत — उल्हास कशालकर

## एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक



**उल्हास कशालकर एक प्रसिद्ध भारतीय शास्त्रीय गायक हैं जो हिंदुस्तानी परंपरा में विशेषज्ञता रखते हैं। उल्हास कशालकर ने अपनी सशक्त और भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से शास्त्रीय संगीत की दुनिया में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका प्रदर्शन पारंपरिक रागों की गहरी समझ और हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की जटिल बारीकियों में महारत को दर्शाता है।**

उल्हास कशालकर का जन्म 14 जनवरी 1955 को नागपुर में हुआ था। उन्होंने संगीत की पहली शिक्षा अपने पिता एन डी कशालकर से प्राप्त की, जो पेशे से वकील और शौकिया गायक और संगीतज्ञ थे। उन्होंने अपनी स्नातकोत्तर कक्षा में टॉप करते हुए नागपुर विश्वविद्यालय में संगीत का अध्ययन किया। उस समय के आसपास, उन्होंने राजाभाऊ कोगजे और पीएन खरदेनविस के अधीन प्रशिक्षण लिया। उल्हास कशालकर ने शुरुआत में ऑल इंडिया रेडियो के मुंबई स्टेशन में एक कार्यक्रम कार्यकारी के रूप में काम किया। 1993 में वे आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी में शिक्षक बने, जहां वे आज भी हैं।

रामभाऊ और गजाननराव दोनों परंपरावादी थे जो कशालकर की गायकी में झलकता है। उनके पास कभी-कभी एक ही प्रदर्शन के दौरान भी तीन शैलियों (अर्थात ग्वालियर, जयपुर और आगरा) के बीच स्विच करने की क्षमता है। वह प्रत्येक व्यक्तिगत शैली की सौंदर्य संबंधी रूपरेखा और प्रस्तुत किए जा रहे राग की औपचारिक मांगों का भी पालन करते हैं। वह पारंपरिक रागों की प्रामाणिक प्रस्तुतियों के लिए जाने जाते हैं।

उल्हास एक शानदार गायक हैं, अभी उनकी उम्र आधी है और वह युवा हैं, जिनके पास असंख्य वर्तमान और दुर्लभ रागों और रचनाओं से भरा एक पुराना संगीतमय दिमाग है। कंप्यूटर की तरह वह किसी भी राग या रचना में कभी गलती नहीं करते, चाहे वह कितनी भी गुंथी हुई या पेचीदा क्यों न हो। ऐसा लगता है कि वह बस एक कुंजी दबाते हैं और वास्तविक जयपुर रंग में एक राग निकलता है, दूसरा आगरा शैली में एक राग प्राप्त करने के लिए और दूसरा ग्वालियर शैली में राग प्राप्त करने के लिए।

जीवन ऊर्जा

महाश्वेता देवीः जन्म- 14 जनवरी 1938 — जन्म

## मैंने कोई थ्योरी नहीं पढ़ी, मैंने सिर्फ इंसानों को पढ़ा है

> महाश्वेता देवी का जन्म 14 जनवरी 1926 को ढाका (अब बांग्ला देश) में हुआ था। पिता मनीष घटक तथा माँ धारिणी देवी दोनों के ही माध्यम से महाश्वेता देवी ने लेखन तथा समाज चिन्ता के संस्कार पाए थे। महान लेखिका और समाजसेविका महाश्वेता देवी का आज 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें 23 जुलाई को एक मेजर हार्ट अटैक आया था।



सपने देखने का अधिकार पहला मौलिक अधिकार होना चाहिए। एक ही जीवन में मैंने कई बार जन्म लिया है। मध्यवर्गीय नैतिकता से मुझे घृणा है। यह कितना बड़ा पाखण्ड है। सब कुछ दबा रहता है। तुम लोग जिसे काम कहते हो, उनकी तुलना में ये तमाम बेकाम मुझे ज़्यादा उत्साहित करते हैं। जब शबरों के पास गई, मेरे सारे सवालों के जवाब मिल गये। आदिवासियों पर जो भी लिखा है, उनके अन्दर से ही पाया है। बिना इतिहास के कुछ नहीं होता। राजवृन्दों का इतिहास नहीं, बल्कि मैं जनसाधारण की दृष्टि से इतिहास को देखने की चेष्टा करती हूं। मैं अन्तिम वाक्य तक मनुष्यों के लिए बोलना चाहती हूं। उन मनुष्यों की बात, जिनके सीने की हड्डी उभरी है, जो दुःखी हैं, मेहनती हैं। साधारण मानव जीवन और मनुष्य के प्रति शुरू से ही मेरा आग्रह रहा है, शुरू से ही मेरी लेखनी में वे आते रहे हैं। सभी के पास अपनी मां अनन्य होती है। मेरे लिए मेरी माँ धरती भी थी, नैतिक शक्ति, भोग-विलास से घृणा, सहिष्णुता, दूसरे के लिए निस्वार्थ आत्म त्याग, मेरी मां के ये सारे गुण झलमल चमकते। ऐसी ऐश्वर्यमयी औरत मैंने आज तक नहीं देखी। लेखकों को वहां और अधिक चौकस रहना पड़ता है, जहां अंधेरा कुण्डली मारे बैठा है। उसे वहां प्रकाश फैलाना होता है, अविवेक पर प्रहार और कशाघात करना होता है। बाहर से बड़ी-बड़ी बातें बोलकर कुछ भी कार्य नहीं होता। अतीत में न झांककर मैं भविष्य की तरफ़ बढ़ती रहूंगी, मुझे बढ़ते ही रहना है। बार-बार मैं अपने को छोड़ के आगे बढ़ जाती हूँ। मुझे बढ़ना ही है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश




## सोच और प्रवृत्ति को बदल दें

एक बार देवताओं और दानवों में भयंकर युद्ध हुआ। पुरुकेतु के नेतृत्व में देवताओं ने दानवों पर विजय हासिल की। इन्द्र बहुत प्रसन्न हुए और पुरुकेतु से वर मांगने को कहा। पुरुकेतु ने कहा कि जो भी आप उचित समझे, वह वर दें। लेकिन वर देने के साथ ही यह भी बताएं कि मेरा धर्म क्या है? इस पर इन्द्र ने उत्तर दिया कि हमें प्रत्येक प्राणी के साथ प्रेम करना चाहिए, क्योंकि सभी में ईश्वर का अंश है। इसलिए हमें न तो किसी से घृणा करनी चाहिए और न किसी को अपना शत्रु समझना चाहिए। सभी आप के हैं और आप भी सभी के हैं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

पुरुकेतु ने देवराज इन्द्र की इस बात पर जिज्ञासा प्रकट करते हुए कहा कि जब सभी प्राणी समान हैं, सभी में ईश्वर हैं सभी से प्रेम करना चाहिए तो फिर देव असुर संग्राम क्यों? क्या असुर और दानव प्राणी नहीं है वे भी तो ईश्वर की ही रचना हैं फिर उनसे देवता इतनी घृणा क्यों करते हैं? तब इंद्र ने उत्तर



दिया कि घृणा देवताओं का स्वाभाविक गुण नहीं है। यदि किसी प्राणी के अंदर दूसरे प्राणी के प्रति घृणा, कटुता या हिंसा का भाव मौजूद है तो उसे देवपद नहीं मिल सकता। असुर भी प्राणी हैं, क्योंकि उनमें भी प्राण ही प्रतिष्ठित है। एक प्राणी होने के नाते उनसे हमारा कोई भी वैर नहीं है, लेकिन जो प्राणी केवल अपने हित और आत्मसिद्धि के लिए जीते हैं, वे असुर कहलाते हैं। वे कभी भी मानवता के हित का विचार नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उनका मुख्य उद्देश्य भोग होता है। वे भौतिक सुखों के लिए कोई भी पाप कर सकते हैं। इसके लिए वह दूसरे प्राणियों का रक्त भी बहा सकते हैं। यह आसुरी सोच संसार का विनाश भी कर सकती है। इससे निर्बल व्यक्ति संसार में जी नहीं सकते हैं।

दरअसल हमारा संघर्ष असुरों के हिंसात्मक सोच और कृत्यों से होता था। यदि वे अपनी सोच और प्रवृत्ति को बदल दें तो वे भी हमारे लिए आदर के पात्र हो सकते हैं। यह सुनकर पुरकेतु ने देवराज इन्द्र को प्रणाम किया और कहा कि आज मैं समझ पाया हूं कि व्यक्ति घृणा का पात्र नहीं होता।

## अपने विचार



मोदी और अरविंद केजरीवाल ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। भारत में गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, अमीर और अमीर होते जा रहे हैं।

**-राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद



बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान उनके सेना प्रमुख के संपर्क में था, लेकिन अब हम बांग्लादेश के साथ संबंधों के बारे में तभी बात कर सकते हैं जब वहां चुनी हुई सरकार हो।

**-उपेंद्र द्विवेदी,** आर्मी चीफ जनरल



जब भी बड़े खिलाड़ियों की बात आती है तो हम एक देश के रूप में तर्कसंगत नहीं रह पाते हैं। हमारे ऊपर भावनाएं बहुत भारी पड़ती हैं। इन खिलाड़ियों पर निर्णय लेने की स्थिति में रहने वाले माहौल से प्रभावित होते हैं।

**-संजय मांजरेकर,** कॉमेंटेटर



दो अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं था।

**-कपिल देव,** पूर्व क्रिकेटर

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# वागले इस्टेट डॉक्टर एसोसिएशन की वार्षिक कांफ्रेंस संपन्न

## मरीज और डॉक्टरों के बीच विश्वास को और मजबूत करने का लिया संकल्प

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

वागले इस्टेट डॉक्टर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन ठाणे के टिपटॉप प्लाजा हॉल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक एस. तिवारी ने वरिष्ठ डॉक्टरों के साथ किया। डॉ. तिवारी ने कहा कि यह सम्मेलन डॉक्टरों के बीच सहयोग और एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन के 1,000 से अधिक सदस्य हैं, और यह उनकी टीम व डॉक्टर मित्रों के सहयोग का परिणाम है।

### मुंबई, ठाणे, और नवी मुंबई के विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टरों ने भाग लिया




सम्मेलन में मुंबई, ठाणे, और नवी मुंबई के विभिन्न अस्पतालों जैसे ज्यूपिटर हॉस्पिटल, फोर्टिस हॉस्पिटल, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने भाग लिया। सम्मेलन में डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, आधुनिक तकनीक का उपयोग, और डॉक्टर-मरीज के बीच विश्वास को मजबूत करने के लिए काम करने का संकल्प लिया। एसोसिएशन के सचिव डॉ. आर.एन. केवट और अध्यक्ष डॉ. शंभू सिंह ने कहा, डॉक्टरों के बीच सामंजस्य और सहयोग से ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं संभव हैं।

### सम्मेलन की मुख्य बातें

- डॉक्टरों के बीच सहयोग और नेटवर्किंग को बढ़ावा देना
- मरीजों को अत्याधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए तकनीकी नवाचार
- सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए संयुक्त प्रयास

### आयोजन के प्रमुख सहयोगी

इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. सुहासिनी मिश्रा, डॉ. नेहा कोल्हे, डॉ. शिवानी गुंजल और अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डॉ. उमेश प्रजापति और सचिव डॉ. उत्तम भोर ने एसोसिएशन की भविष्य की योजनाओं का परिचय दिया और सभी का आभार व्यक्त किया।

### सम्मेलन में प्रमुख उपस्थिति

सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. हरीश शेट्टी और सेक्सोलॉजिस्ट डॉ. अमित मुथा थे। इसके अलावा विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों के विशेषज्ञ, जैसे डॉ. नीलेश चोरड़िया, डॉ. प्रीतम कलासकर, डॉ. पुष्पक चिरमाडे, डॉ. जय गोयल, डॉ. ऋषिकेश सालगांवकर और अन्य ने अपने विचार और अनुभव साझा किए। उन्होंने कैंसर, ऑर्थोपिडिक, न्यूरो, स्पाइन, मोटापे और अन्य जटिल सर्जरी के संभावित इलाज पर चर्चा की।

# '2 साल से अधिक समय तक पद पर बने प्रतिनिधियों को बदलें'

**मुंबई।** महारेरा ने सभी स्व-नियामक संगठनों को आदेश दिया है कि वे अपने उन प्रतिनिधियों को तुरंत बदलें जो पिछले 2 वर्षों से पद पर बने हुए हैं। यह निर्णय हितों के टकराव से बचने के लिए लिया गया है, ताकि नई आवासीय परियोजनाओं के पंजीकरण में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। महारेरा ने अपने निर्देश में कहा कि स्व-नियामक संगठनों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल अधिकतम 2 वर्ष ही रहेगा। साथ ही, ये प्रतिनिधि पंजीकरण के लिए आवश्यक परियोजना के कानूनी, वित्तीय और तकनीकी मानदंडों में से कम से कम एक क्षेत्र में विशेषज्ञ होने चाहिए। किसी भी नई आवासीय परियोजना का पंजीकरण महारेरा में कराना अनिवार्य है। बिना पंजीकरण संख्या के, परियोजना का विज्ञापन या बिक्री नहीं की जा सकती। पंजीकरण के दौरान, महारेरा प्रत्येक प्रस्ताव की कानूनी, वित्तीय और तकनीकी जांच करता है और इन मानदंडों के आधार पर पंजीकरण संख्या प्रदान करता है। स्व-नियामक संगठनों के प्रतिनिधि पंजीकरण प्रक्रिया में प्रमोटरों को आधिकारिक सहायता प्रदान करते हैं और परियोजना के अनुमोदन के लिए आवश्यक टिप्पणियों को लागू करते हैं। वर्तमान में, महारेरा में 7 स्व-नियामक संगठन कार्यरत हैं। स्व-नियामक संगठनों के प्रतिनिधियों को कानूनी, आर्थिक और तकनीकी क्षेत्रों में से कम से कम एक में विशेषज्ञता रखनी चाहिए, ताकि वे प्रमोटरों को प्रभावी रूप से सहायता प्रदान कर सकें।

# कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका की 'अभय योजना'

## संपत्ति कर और जल कर में राहत का सुनहरा अवसर

सुशील सिंह । कल्याण

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (KDMC) ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की है, जिसमें नागरिकों को संपत्ति कर और जल कर में राहत प्रदान करने के लिए 'अभय योजना' की घोषणा की गई है। इस योजना का उद्देश्य कर चुकाने वाले नागरिकों को वित्तीय राहत प्रदान करना है, जिससे वे अपने बकाया करों का भुगतान बिना किसी अतिरिक्त बोझ के कर सकें।

### संपत्ति कर के लिए 750 करोड़ रुपये और जल कर के लिए 90 करोड़ रुपये का लक्ष्य




महानगर पालिका ने चालू वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर के लिए 750 करोड़ रुपये और जल कर के लिए 90 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महानगर पालिका ने कर वसूली अभियानों की शुरुआत की है। जुर्माना और ब्याज माफी से नागरिकों को वित्तीय राहत मिलेगी, जिससे वे अपने बकाया करों का भुगतान कर सकेंगे।

### नागरिकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया

इस योजना को लेकर नागरिकों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जो उन्हें कर चुकाने में सुविधा प्रदान करता है। हालांकि, योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए नागरिकों को जागरूक करना और सही जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। यदि इस योजना का सही तरीके से प्रचार-प्रसार किया जाए, तो यह पालिका के राजस्व लक्ष्य को पूरा करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। कल्याण-डोंबिवली में संपत्ति कर और जल कर छूट की अभय योजना नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। यह योजना न केवल कर चुकाने में सुविधा प्रदान करती है, बल्कि पालिका के राजस्व को भी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

### अभय योजना के मुख्य बिंदु

**100% जुर्माना और ब्याज माफी**

नागरिकों को 15 जनवरी 2025 तक अपने बकाया संपत्ति कर और जल कर पर 100 प्रतिशत जुर्माना और ब्याज माफ करने का अवसर दिया गया है। यह कदम उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है, जो आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

**75% जुर्माना और ब्याज माफी**

यदि कोई नागरिक 16 जनवरी से 31 जनवरी 2025 के बीच अपने कर का भुगतान करता है, तो उसे 75% जुर्माना और ब्याज माफ किया जाएगा।

**नागरिक सुविधा केंद्रों का संचालन**

नागरिक सुविधा केंद्र शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों में भी खुले रहेंगे, ताकि कामकाजी नागरिकों को सुविधा मिल सके।

**ऑनलाइन भुगतान की सुविधा**

महानगर पालिका ने नागरिकों के लिए ऑनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे कर चुकाना और भी सरल हो गया है।

# सफाई कर्मियों के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

डीबीडी संवाददाता । कल्याण

केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत अभियान में सफाई कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिशा में महापालिका आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ और अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड के निर्देशानुसार, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विभाग के उपायुक्त अतुल पाटील के मार्गदर्शन में दिव्यस्वप्न फाउंडेशन के सहयोग से ₹स्वच्छ सर्वेक्षण 2024₹ के अंतर्गत सफाई कर्मियों के लिए 6 जनवरी 2025 से "क्षमता निर्माण प्रशिक्षण" का आयोजन किया जा रहा है।



### प्रशिक्षण का उद्देश्य

इस प्रशिक्षण में सफाई कर्मियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कचरे का सही तरीके से निपटारा, काम करते समय सावधानी बरतने के तरीके, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) का उपयोग, काम से संबंधित बीमारियों की रोकथाम और उपचार, तथा व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुरक्षा के विषय में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, सफाई कर्मियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा, जिससे उनकी क्षमता को बढ़ाने का उद्देश्य पूरा किया जा सके।

### केडीएमसी के ह, ग, फ, इ और आय प्रभाग के सफाई कर्मियों ने उठाया लाभ

महानगरपालिका द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण का लाभ डोंबिवली विभाग के ह, ग, फ, इ और आय प्रभाग के सफाई कर्मियों ने उठाया है। इस प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक 02 सफाई कर्मियों को प्रशस्तिपत्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उन्हें और अधिक प्रेरणा मिली। प्रशिक्षण में शामिल प्रत्येक प्रभाग के 5 सफाई कर्मियों को महापालिका द्वारा स्व-सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए हैं।

### अब तक लगभग 800 सफाई कर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया

06 जनवरी 2025 से 10 जनवरी 2025 के बीच डोंबिवली पूर्व के आनंद दिघे सभागृह में आयोजित इस प्रशिक्षण में महापालिका के मुख्य स्वच्छता अधिकारी वसंत देगलूरकर, परिमंडल -2 के उप मुख्य स्वच्छता निरीक्षक आगस्टीन घुटे, और अन्य स्वच्छता अधिकारी उपस्थित थे। दिव्यस्वप्न फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षकों शिवराज जाधव, ऐश्वर्या जोशी और अमर लोखंडे ने सफाई कर्मियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अब तक लगभग 800 सफाई कर्मियों ने इस शिविर का लाभ उठाया है। इसके बाद, 13 जनवरी 2025 से कल्याण पश्चिम स्थित महापालिका के आचार्य अत्रे रंगमंदिर में कल्याण विभाग के सफाई कर्मियों के लिए प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई है। ब प्रभाग क्षेत्र कार्यालय के सफाई कर्मियों का प्रशिक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, और अन्य प्रभागों के सफाई कर्मियों के लिए भी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# आज बगवाड़ा-वापी स्टेशन के बीच ब्लॉक

## कई ट्रेनें प्रभावित

डीबीडी संवाददाता । वापी

बगवाड़ा और वापी स्टेशनों के बीच NH के पास वापी में रोड अंडर ब्रिज (RUB) के निर्माण के लिए रिलीविंग गर्डर लॉन्च करने हेतु 14 जनवरी को 13.00 बजे से 17.00 बजे तक ब्लॉक लिया जाएगा । यह ब्लॉक अप और डाउन मेन लाइनों पर लिया जाएगा, इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।




### शॉर्ट टर्मिनेटेड / निरस्त की जाने वाली ट्रेनें:


ट्रेन संख्या 59045 मुंबई सेंट्रल-वापी पैसेंजर, भिलाड में समाप्त होगी और भिलाड तथा वापी के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 59040 वापी -मुंबई सेंट्रल पैसेंजर भिलाड से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा वापी और भिलाड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। ट्रेन संख्या 59046 वलसाड - विरार पैसेंजर वापी से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा वलसाड और वापी के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### रिशेड्यूल की गई ट्रेन

ट्रेन संख्या 20968 पोरबंदर - सिकंदराबाद एक्सप्रेस 02 घंटे 10 मिनट की देरी से रवाना होगी।

# ठाणे मनपा द्वारा मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़े का आयोजन

**ठाणे।** ठाणे नगर निगम (मनपा) की ओर से स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में 14 जनवरी से 28 जनवरी तक मराठी भाषा संरक्षण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस पखवाड़े का उद्घाटन 14 जनवरी को सुबह 10:30 बजे होगा, जहां मनपा अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए



डॉ. निर्मोही फड़के जागु मराठी चे रंगी विषय पर व्याख्यान देंगे। यह जानकारी अतिरिक्त आयुक्त (1) संदीप मालवी ने आयोजित पत्रकार परिषद में दी। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे और उपायुक्त (जनसंपर्क) उमेश बिरारी भी उपस्थित थे। पखवाड़े के दौरान एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कोश, रामायण, महाभारत जैसी महत्वपूर्ण किताबों के साथ पुरानी पुस्तकों का संग्रह भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा, किताबें बेचने के लिए स्टॉल भी लगाए जाएंगे। यह प्रदर्शनी 20 और 21 जनवरी को आम जनता के लिए सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी।

# पुस्तकालयों को समृद्ध बनाने में सीएसआर निधि का उपयोग किया जा सकता है: सामंत

धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे



महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने रविवार को पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मराठी साहित्य और पुस्तकालयों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। एक पुस्तक विमोचन समारोह में बोलते हुए उद्योग एवं मराठी भाषा के मंत्री ने कहा कि निजी उद्योगों से प्राप्त सीएसआर निधि का उपयोग पुस्तकालयों को समृद्ध बनाने में किया जा सकता है। 'सन्यस्त ज्वालामुखी' पुस्तक प्रोफेसर प्रदीप धवल द्वारा लिखी गई है। मंत्री ने स्वामी विवेकानंद के दर्शन को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, 'हमें समाज में पढ़ने के महत्व को स्थापित करना होगा। वर्तमान परिदृश्य को सुधारने के लिए हर जिले से अच्छे लेखकों और वक्ताओं को उभारने की जरूरत है।'

# सोयाबीन खरीद के लिए स्थायी तंत्र आवश्यक: मुख्यमंत्री

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विपणन विभाग की 100 दिवसीय योजना की समीक्षा बैठक के दौरान सोयाबीन की खरीद प्रक्रिया को सुगम और निर्बाध बनाने के लिए एक स्थायी तंत्र स्थापित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि हर साल विपणन विभाग के माध्यम से सोयाबीन खरीदी जाती है, और इसे प्रभावी ढंग से जारी रखने के लिए ठोस उपाय जरूरी हैं।



### एग्रो हब और मैग्नेट प्रोजेक्ट:

मुख्यमंत्री ने समृद्धि हाईवे के किनारे स्थापित किए जाने वाले एग्रो हब को मैग्नेट प्रोजेक्ट के तहत विकसित करने की बात कही। उन्होंने इन केंद्रों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अक्टूबर तक किसानों का पंजीकरण पूरा किया जाना चाहिए, और सोयाबीन उपार्जन के लिए स्पष्ट मापदंड तय किए जाने चाहिए।

# महापारेषण के राज्य लोड डिस्पैच सेंटर को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बिजली आपूर्ति और नियंत्रण में अभिनव योजनाओं के सफल कार्यान्वयन के लिए, महाराष्ट्र राज्य लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी), ऐरोली को देश के सर्वश्रेष्ठ लोड डिस्पैच सेंटर और ओपन एक्सेस में उत्कृष्टता के लिए दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए महापारेषण के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार (आईएएस) ने टीम को बधाई दी। इन पुरस्कारों का वितरण इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईपीपीएआई) द्वारा बेलगावी में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। देश भर की बिजली कंपनियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद यह सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद, महाराष्ट्र राज्य विद्युत विनियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष वी. राजा, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राकेश नाथ, और ग्रिड इंडिया के पूर्व प्रबंध निदेशक एस.के. सोनी उपस्थित थे।

# राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**वृष** — व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। काम में मन लगेगा। शेयर मार्केट में लाभ रहेगा। नौकरी में सुविधाएं बढ़ सकती हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धन प्राप्ति सुगमता से होगी।

**मिथुन** — व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। लाभ होगा। दुःखद सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**कर्क** — आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। बड़ा काम करने का मन बनेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति के समाचार मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सहयोग बना रहेगा।

**सिंह** — व्यापार से संतुष्टि रहेगी। संतान की चिंता रहेगी। प्रतिद्वंद्वी तथा शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। मित्रों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा की योजना बनेगी।

**कन्या** — व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। घर-बाहर सफलता प्राप्त होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। काम में लगन तथा उत्साह बने रहेंगे। मित्रों के साथ प्रसन्नतापूर्वक समय बीतेगा। यात्रा मनोनुकूल मनोरंजक तथा लाभप्रद रहेगी।

**तुला** — नौकरीपेशा को आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। बनते कामों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें।

**वृश्चिक** — लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सुकून रहेगा। जल्दबाजी में कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। कानूनी अड़चन आ सकती है। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** — कारोबार में लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता का माहौल रहेगा। नई योजना लागू करने का श्रेष्ठ समय है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर** — किसी राजनयिक का सहयोग मिल सकता है। लाभ के दरवाजे खुलेंगे। चोट व दुर्घटना से बचें। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। विवाद से बचें। धन प्राप्ति होगी। प्रमाद न करें। किसी जानकार प्रबुद्ध व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होने के योग हैं।

**कुंभ** — आज घर में मांगलिक कार्य के चलते ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। हितैषी सहयोग करेंगे। धनार्जन संभव है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चोट व दुर्घटना से बचें। आय में कमी रह सकती है।

**मीन** — परिवार के लोग अनुकूल व्यवहार करेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। नए लोगों से संपर्क होगा। आय में वृद्धि तथा आरोग्य रहेगा। चिंता में कमी होगी। जल्दबाजी न करें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति के सहयोग से कार्य की बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

# जानें शेयर मार्किट के लिए कुछ योग बातें

शेयर मार्किट एक ऐसा बिजनेस है तो सिर्फ पैसे की मार पर सबसे ज्यादा चलता है। कुछ जातको की कुंडली में ऐसी ग्रह स्थितियां होती है जो शेयर मार्किट में जातक को सफल बनाकर अच्छा धन लाभ देती है या शेयर मार्किट के छेत्र में ही कैरियर बना देती है तो कुछ जातको की कुंडली में ऐसे ग्रह योग होते है जो शेयर मार्किट में सिर्फ ओर सिर्फ पैसे का नुकसान देकर जातक को इस मार्किट में असफल बनाते है। शेयर मार्किट के कुंडली का 5वां और 11वां भाव सबसे ज्यादा जिम्मेदार और महत्वपूर्ण है यही दोनों भाव शेयर मार्किट के है इसके आलावा दसवाँ भाव जो रोजगार का है और नवां भाव जो कि भाग्य का है उसका भी सफलता में योगदान है।शेयर मार्किट में सफलता के लिए सबसे पहले पंचम भाव के स्वामी की स्थिति केंद्र त्रिकोण भाव में बली होकर ग्यारहवे भाव के स्वामी से युति या





प्रियंका जैन
9769994439

दृष्टि सम्बन्ध में होनी चाहिए इसके साथ ही दूसरा भाव जो कि धन का है इस भाव के स्वामी का सम्बन्ध पाचवे या ग्यारहवे भाव या इन भावो के स्वामी से होना शेयर मार्किट के लिए शुभ स्थिति है। शेयर मार्किट में पंचम भाव और ग्यारहवे भाव में शुभ भावो के स्वामी शुभ स्थिति में दृष्टि सम्बन्ध बनाये और यह ग्रह राहु के नक्षत्र में हो या राहु इन ग्रहो के साथ शुभ स्थिति 5वें या 11वे भाव में हो तब शेयर में सफलता हासिल होती है इसके साथ ही सूर्य गुरु और बुध यह तीन ग्रह भी बली होने चाहिए और कही न कही इनका सम्बन्ध 5वे और 11वे भाव भावेश से धन दायक भावो में या इन्ही 5 वे या 11वे भाव में होना सबसे शुभ होता है।बिना राहु की शुभ स्थिति के शेयर मार्किट में सफलता नही मिल सकती।राहु शेयर मार्किट का पक्का कारक है।यदि राहु 5वे या 11वे भाव में चन्द्र गुरु मंगल के साथ अशुभ स्थिति में बैठा हो कही। अन्य भाव में अशुभ स्थिति में होगा तो शेयर मार्किट में नुकसान देकर असफलता देगा।5वे 11वे और दूसरे भाव का स्वामी ग्रह आपस में शुभ स्थिति और शुभ में जैसे की गजकेसरी योग, बुधादित्य योग, लक्ष्मी योग, लक्ष्मी नारायण योग में हो, राहु केतु 11वे भाव के स्वामी के साथ 11वे या 5वे भाव में ही हो, बली और शुभ होकर बैठे हो तब शेयर मार्किट से लाभ और सफलता देते है।पंचम भाव और ग्यारहवे भाव में बेठे ग्रह और पंचमेश और ग्यारहवे भाव का स्वामी राहु के नक्षत्र में होना शेयर मार्किट से धन लाभ और सफलता देता है।दूसरे भाव का स्वामी भी केंद्र त्रिकोण में होना चाहिए 6, 8, 12भाव में धन भाव का स्वामी धन हानि देगा। शेयर मार्किट में शुभ राहु-केतु महादशा अन्तर्दशा में सफलता मिलती है या पाचवे-ग्यारहवे भाव में बैठे ग्रहो और पंचमेश(पाचवे भाव के स्वामी)-एकादशेश(ग्यारहवे भाव के स्वामी) की शुभ दशा-अन्तर्दशा शेयर मार्किट में सफलता देती है।

## आस्था का महासंगम

# स्नान के लिए उमड़ा जनसैलाब




प्रयागराज में सोमवार संगम के तट पर महाकुंभ 2025 का आगाज हुआ। शाही स्नान के साथ इसकी शुरुआत हुई। नंगे बदन पर भस्म रमाए अलमस्त नागा साधुओं ने गंगा, यमुना और कल्पित सरस्वती के पावन जल में डुबकियां लगाई। संगम तट पर कड़कड़ाती ठंड में सिर्फ देश के अलग अलग कोने से नहीं बल्कि दुनिया के 20 देशों के श्रद्धालु भक्ति के इस पावन समागम में शामिल हुए। अब तक 44 घाटों पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और NSG कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे।



## महाकुंभ भारतीय संस्कृति और आध्यात्म का प्रतीक है

- **1.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान कर पुण्य अर्जित किया**
- **16 फ़रवरी तक चलेगा महाकुम्भ**
- **45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद**

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 के पहले दिन, पौष पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देश-विदेश से आए भक्तों ने संगम में डुबकियां लगाई। कुंभ मेले में 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। संगम तट पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब देखने को मिल रहा है। सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात है। साथ ही, हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा भी की जा रही है। महाकुंभ में जर्मनी, रूस, ब्राजील और अमेरिका से भी श्रद्धालु पहुंचे हैं। हर ओर श्रद्धा और उत्साह में डूबे लोग पावन डुबकी के लिए आतुर नजर आ रहे हैं। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं।




### शाही स्नान में शामिल हुए साधु संत

सोमवार की सुबह पौष पूर्णिमा के पहले दिन सुबह 5.30 बजे शुभ मुहूर्त में साधु-संतों ने सबसे पहले शाही स्नान में भाग लिया। सबसे पहले जूना अखाड़े के साधु झूमते-नाचते गाते संगम तट पर पहुंचे और संगम में डुबकियां लगाई। नागा साधुओं ने भी इस अवसर पर संगम में स्नान किया। यह नागा साधुओं के लिए बेहद अहम धार्मिक अनुष्ठान है। यह स्नान पवित्रता और मोक्ष की प्राप्ति के लिए किया जाता है। इस दौरान कई साधु शंखनाद करते, तलवार लहराते और जयघोष करते हुए नजर आए।

### साधुओं ने किया पवित्र जल का वितरण

साधुओं ने श्रद्धालुओं को पवित्र जल का वितरण किया। यह जल साधु विशेष रूप से अपने साथ लाए थे। इसे पवित्र मानकर भक्त इसे अपने घर ले जाते हैं ।साधुओं ने एकत्रित होकर सामुदायिक भोजन का आयोजन किया, जिसमें सभी साधु और श्रद्धालु शामिल हुए। यह एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इसके बाद साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भक्त गीत और भजन गाए।

### जुलूस में स्नान करने पहुंचे अखाड़ों के साधु



महाकुंभ के पहले दिन अलग अलग अखाड़ों के साधुओं ने भव्य जुलूस निकाला। साधु रथ, घोड़े और हाथियों पर बैठकर संगम तट पर पहुंचे। यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने साधु संतों का जयघोष से स्वागत किया। इस दौरान जुलूस में साधु-संत हाथ में चिमटा लिए और शरीर पर भस्म लपेट हुए नजर आए।

### गुरुकुल के बच्चों ने किया शाही स्नान

शाही स्नान के मौके पर गुरुकुल के बच्चों ने भी संगम के जल में डुबकियां लगाईं। इसके बाद इन बच्चों के संस्कार से जुडे.धार्मिक अनुष्ठानों का पूरा किया गया। इस पवित्र स्नान के बाद बच्चों को मंत्र जाप की विधि समेत दूसरे धार्मिक विधि-विधानों के बारे में बताया गया। कई बाल संतों को उनके गुरुओं ने दीक्षा दी। इसके साथ ही उनके संत जीवन का शुभारंभ हुआ।



### कुंभ मेला और कल्पवास में क्या संबंध है ?

कुंभ मेले में कल्पवास का बड़ा महत्व है। मान्यता है कि यहां किया गया तप हर पाप को नष्ट कर देता है और मोक्ष का मार्ग खोलता है। कल्पवास के दौरान श्रद्धालु पवित्र नदियों के संगम पर ध्यान, भजन और वेद पढ़कर समय बिताते हैं। सांसारिक मोह-माया से दूर, यहां भौतिक सुखों का त्याग कर दिव्य ऊर्जा से जुड़ने का प्रयास किया जाता है। कल्पवास करना उन लोगों के लिए बेहतर माना जाता है, जिन्होंने जीवन की जिम्मेदारियों से मुक्ति पा ली हो। युवा भी इसमें भाग ले सकते हैं। लेकिन, उन्हें तपस्या और संयम के लिए पूरी तरह समर्पित होना होगा। महाभारत और मत्स्यपुराण में कहा गया है कि जो लोग तप और भक्ति के साथ कल्पवास करते हैं, वे न केवल पाप से मुक्त होते हैं, स्वर्ग में भी स्थान पाते हैं।

### महाकुंभ में अब तक 80 लोगों को पकड़ा गया

महाकुंभ में बने थानों में रात से अब तक 80 लोगों को पकड़ा गया है। इनमें कई लोगों के आधार नहीं थे। इसके अलावा कुछ को चोरी के शक में और कई लोगों को महिलाओं के वीडियो बनाने के आरोप में पकड़ा गया है।

## महाकुंभ में घाटों का महत्व

### पुराणों में कुंभ की महिमा


**स्कंद पुराण**
माघे मासे गंगे स्नानं यः कुरुते नर
युगकोटिसहस्राणि तिष्ठंति पितृदेवता
अर्थातः माघ मास में गंगा में स्नान करने वाले व्यक्ति के पितर युगों-युगों तक स्वर्ग में वास करते हैं।

**पद्म पुराण**
त्रिषु स्थलेषु यः स्नायात प्रयागे च पुष्करे
कुरुक्षेत्रे च धर्मात्मा स याति परमं पदम
अर्थातः जो धर्मात्मा प्रयाग, पुष्कर और कुरुक्षेत्र में स्नान करता है, वह परम धाम को प्राप्त करता है।

**गरुड़ पुराण**
अग्निष्टोमसहस्राणि वाजपेयशतानि च
कुंभस्नानस्य कलां नार्हंते षोडशीमपि
अर्थातः हजारों अग्निष्टोम और सैकड़ों वाजपेय यज्ञ भी कुंभ स्नान के सोलहवें भाग के बराबर नहीं हैं।

**ब्रह्मवैवर्त पुराण**
प्रयागे माघमासे तु स्नात्वा पार्थिवमर्दन
सर्वपापैः प्रमुच्येत पितृभिः सह मोदते
अर्थातः माघ मास में प्रयाग में स्नान करने वाला व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है और उसके पितर भी प्रसन्न होते हैं।

**अग्नि पुराण**
कुंभे कुंभोद्भवः स्नात्वा प्रायच्छति हि मानवान
ततः परं न पापानि तिष्ठन्ति शुभकर्मणाम
अर्थातः कुंभ में स्नान करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिलती है, और वह शुभ कर्मों की ओर अग्रसर होता है।



### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

| | जल सुरक्षा | अग्नि सुरक्षा | परिवहन व्यवस्था |
|---|---|---|---|
| **37 हजार** पुलिसकर्मी तैनात | **03** जल पुलिस स्टेशन | **50** फायर स्टेशन | **7 हजार** कुंभ स्पेशल बसें |
| **14 हजार** होमगार्ड के जवान घाटों पर तैनात | **01** जल पुलिस कंट्रोल रूम | **20** फायर पोस्ट | **550** शटल बसें |
| **2 हजार 750** एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे | **17** जल पुलिस सब कंट्रोल रूम | **50** फायर वॉच टावर | **4 हजार** हेक्टेयर में लगेगा मेला |
| 10 जोन, 25 सेक्टर,56 थाने एवं 155 चौकियां | | **4300** फायर हाइड्रेंट | **1.50 लाख** शौचालय |
| | | **45** फायर रिजर्व वाटर टैंक | **1.60** लाख टेंट |

### घाटों पर तैनात रहे गंगा सेवा दूत

श्रद्धालुओं के लिए नदियों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे।



महाकुम्भ के प्रथम पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर घाटों की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए बड़ी संख्या में गंगा सेवा दूत तैनात रहे। घाटों पर बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा पूजा-अर्चना के दौरान जैसे ही पुष्प अर्पित किए जाते, ये गंगा सेवा दूत तुरंत उसे निकालकर नदी को साफ कर देते। गंगा और यमुना की स्वच्छता को बनाए रखने के लिए करीब 2000 गंगा सेवा दूतों को सभी सेक्टर्स में बने घाटों पर नियुक्त किया गया है। इन सभी गंगा सेवा दूतों को मेला प्रशासन की ओर से भी ट्रेन्ड भी किया गया है। महाकुम्भ के पहले दिन सभी गंगा सेवा दूत अपनी नियत ड्यूटी पर तैनात रहे और

### शाही स्नान के बाद हुए धार्मिक अनुष्ठान

साधुओं ने शाही स्नान से पहले संगम तट पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए। साधु संतों ने मंत्रोच्चारण और यज्ञ किया। यह अनुष्ठान पवित्रता और आस्था को बढ़ाने के लिए किए जाते हैं। इस दौरान संगम तट पर अलग-अलग जगहों पर स्नान के बाद कड़ाके की ठंड में धूनी रमाकर साधु संत पूजा पाठ करते नजर आए। शाही स्नान के बाद साधु-संतों की बैठक हुई। इसमें साधुओं ने आपस में विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान धर्म के प्रचार-प्रसार की योजनाएं तैयार की।। धार्मिक एकता और सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा की। इसके साथ ही साधुओं ने श्रद्धालुओं से संवाद किया, उन्हें आशीर्वाद दिया और धर्म के महत्व पर चर्चा की।

### अखाड़ों के प्रकार

भारत में अखाड़ों की संख्या 13 है, जिन्हें मुख्य रूप से तीन संप्रदायों में बांटा जा सकता है।

**शैव संप्रदायः** ये अखाड़े भगवान शिव को अपना आराध्य देव मानते हैं। भारत में कुल 7 अखाड़े शैव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

**वैष्णव संप्रदायः** ये अखाड़े भगवान विष्णु को अपना आराध्य देव मानते हैं। भारत में कुल 3 अखाड़े वैष्णव संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

**उदासीन संप्रदायः** ये अखाड़े किसी विशेष देवता की पूजा नहीं करते हैं, बल्कि सभी देवताओं को समान रूप से मानते हैं। भारत में कुल 3 अखाड़े उदासीन संप्रदाय से जुड़े हुए हैं।

### खास बातें



- महाकुंभ का आयोजन 12 साल में एक बार होता है और यह महाकुंभ 13 जनवरी 2025 से प्रयागराज के संगम पर हो रहा है।
- संगम को भारतीय धार्मिक स्थलों में सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है, जहां स्नान करने से आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- महाकुंभ मेला उन चार पवित्र स्थानों में से एक पर आयोजित होता है जहां पौराणिक कथा के अनुसार अमृत की बूंदें गिरी थीं।
- महाकुंभ का आयोजन तब होता है जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति एक विशेष ज्योतिषीय स्थिति में होते हैं, जिससे इसका धार्मिक महत्व बढ़ जाता है।

**विश्व का सबसे बड़ा आस्था का मेल**

### स्टीव जॉब्स की पत्नी भी पहुंची हैं महाकुंभ



एप्पल कंपनी के फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स ने महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए प्रयागराज पहुंची हैं। लॉरेन ने महाकुंभ में 10 दिन तक कल्पवास करने का फैसला लिया है। वह साधुओं की संगत में रहकर आध्यात्मिक अनुशासन का पालन करेंगी। स्वामी कैलाशानंद ने उन्हें नया नाम श्कमला और अच्युत गोत्र दिया है। लॉरेन ने सोमवार को शाही स्नान किया। लॉरेन मौनी अमावस्या के दिन भी संगम में स्नान करेंगी। लॉरेन ने अपने गुरु स्वामी कैलाशानंद से दीक्षा ग्रहण की है।

# टी-20 विश्व कप महिला अंडर-19 टीम ने अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को हराया

**एजेंसी । कुआलालंपुर**



गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैच में स्कॉटलैंड को 119 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 164 रन बनाए, जिसमें कमलिनी जी 23 गेंदों में 32 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। चार भारतीय बल्लेबाज तृषा जी (26), सानिका चालके (17), कप्तान निकी प्रसाद (25) और कमलिनी अपनी अन्य साथियों को मौका देने के लिए रिटायर आउट हो गईं। स्कॉटलैंड के लिए एमी बाल्डी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लेकर सबसे सफल गेंदबाज रहीं। भारत ने इसके बाद स्कॉटलैंड को 18.5 ओवर में 45 रन पर आउट कर दिया। भारत की तरफ से शबनम शकील, वैष्णवी शर्मा और सोनम यादव ने दो-दो विकेट लिए।

### अन्य अभ्यास मैचों का परिणाम

अन्य अभ्यास मैचों में, ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान मलेशिया को 140 रन से, वेस्टइंडीज ने नेपाल को नौ रन से, अमेरिका ने न्यूजीलैंड को 13 रन से, बांग्लादेश ने श्रीलंका को चार विकेट से, इंग्लैंड ने समोआ को नौ विकेट से और पाकिस्तान ने नाइजीरिया को 11 रन से हराया। मुख्य टूर्नामेंट शनिवार से शुरू होगा। भारत रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगा। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से हराया था।

## मेरे अंदर अभी बाकी है जीत की भूख : सिंधु



**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत के दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले चार खिलाड़ियों (सुशील कुमार, नीरज चोपड़ा और मनु भाकर) में शामिल भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु कुछ समय से 'आउट ऑफ फॉर्म हैं। हालांकि जब वह अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पातीं तो अतीत की कामयाबियों से भविष्य में नई ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा लेती हैं। प्रशसंकों को उम्मीद है कि मंगलवार से शुरू हो रहे इंडिया ओपन में वह फिर फॉर्म में वापसी करेंगी। 29 वर्ष की सिंधु ने लगभग हर ट्रॉफी और पदक जीता है। वह विश्व चैंपियन रही हैं और एशियाई खेलों तथा राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीते हैं। यह पूछने पर कि क्या अब भी उनके भीतर जीत की भूख बाकी है, सिंधु ने कहा, बिल्कुल क्योंकि जब आप उन कामयाबियों को देखते हैं तो आप खुश होते हैं और आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। बार-बार जीत को देखने से भूख और बढ़ती है।

### 'मैंने खेल में बहुत उतार-चढ़ाव देखे'


सिंधु ने कहा, मैंने खेल में बहुत उतार-चढ़ाव देखे हैं लेकिन खुद पर भरोसा बनाये रखना जरूरी था । ऐसे भी दिन थे जब मैं चोटिल थी और मुझे पता नहीं था कि वापसी कर सकूंगी या नहीं। अपना शत-प्रतिशत दे सकूंगी या नहीं। ऐसा 2015 में हुआ जब मुझे चोट लगी थी लेकिन मैंने उसके बाद वापसी की और रियो में रजत पदक जीता। उसके बाद से मेरा जीवन ही बदल गया और अभी तक मुझे काफी पुरस्कार, सम्मान मिले जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो कह सकती हूं कि मैं जो कर सकती थी, मैंने किया।

इंडिया ओपन

## सात्विक और चिराग से उम्मीद, सिंधु को वरीयता भी नहीं मिली


- भारत ने उतारा 34 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल
- 52 साल के टूर्नामेंट के इतिहास में भारत ने कुल आठ खिताब जीते हैं

विजय हजारे



**एजेंसी । नई दिल्ली**

राजधानी के बैडमिंटनप्रेमियों को एक बार फिर सर्व और स्मैश के खेल में दुनिया के दिग्गज शटलरों का जलवा देखने को मिलेगा। मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में भारत ने अपना सबसे बड़ा दल उतारा है। हालांकि नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। इनके साथ ही लक्ष्य सेन भी अपने दूसरे खिताब की तलाश में उतरेंगे। टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं।



### भारतीय दावेदारी

- **पुरुष एकल :** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत
- **महिला एकल :** पीवी सिंधु, आकर्षी कश्यप, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय
- **पुरुष युगल :** सात्विक साइराज रांकी रेड्डी-चिराग शेट्टी, पीके रॉय-साई प्रतीक
- **महिला युगल :** अपूर्वा गहलावत-साक्षी गहलावत, त्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद, रश्मी गणेश-सानिया सिकंदर, अश्विनी भट-शिखा गौतम, तनीषा क्रैस्टो-अश्विनी पोनप्पा, प्रेरणा अलवेकर-मृणमयी देशपांडे, गायत्री रावत-मनसा रावत, ऋतुपर्णा पांडा-स्वेतपर्णा पांडा
- **मिश्रित युगल :** ध्रुव कपिला-तनीषा क्रैस्टो, सतीष कुमार-आद्या वरीयथ, रोहन कपूर-रुथविका शिवानी गाडे, असिथ सूर्या-अमरुथा प्रमुतेष

### तीन साल का इंतजार

लक्ष्य और सात्विक-चिराग ने 2022 में यहां पिछला खिताब जीता था। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरुष युगल टीम ने 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरुआत की। सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए थे। लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा। एच एस प्रणय का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। प्रियांशु राजावत को पहले दौर में छठे वरीय जापान के कोडाइ नाराओका से खेलना होगा।

### नंबर गेम


- 1981 में प्रकाश पादुकोण ने भारत की ओर से पहला स्वर्ण पदक जीता था
- 02 स्वर्ण पदक सर्वाधिक महिला एकल में साइना नेहवाल ने 2010, 2015 में जीते
- 03 साल पहले लक्ष्य पुरुष एकल में और सात्विक-चिराग युगल में चैंपियन बने

### एकल में किसी मेजबान को वरीयता नहीं

मेजबान प्रशंसकों के लिए यह निराशाजनक है कि देश की शीर्ष महिला खिलाड़ी पीवी सिंधु सहित एकल वर्ग में किसी को भी वरीयता नहीं मिली है। वैसे भारतीय खिलाड़ियों को पिछले दो सत्रों से इस टूर्नामेंट में सफलता नहीं मिली है। भारत का 34 सदस्यीय दल 21 मुकाबलों में इस कमी को पूरा करने के इरादे के साथ उतरेगा।

## विराट, रोहित को खुद भविष्य तय करने दीजिए: कपिल देव

**एजेंसी । नई दिल्ली**



ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में लचर प्रदर्शन के बाद कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी विराट कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं लेकिन भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने कहा कि ये अपने भविष्य को लेकर फैसला खुद कर सकते हैं।

### 'दोनों बहुत बड़े खिलाड़ी'

पीजीटीआई के नए सत्र की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा, दोनों बहुत बड़े खिलाड़ी हैं और भविष्य का फैसला उन्हें खुद करने दीजिए। रोहित की जगह टीम में कप्तान के दावेदारों के बारे में उन्होंने कहा, इसमें कोई विवाद नहीं होना चाहिए, जो मौजूदा कप्तान है वह भी किसी की जगह आए थे। जो भी कप्तान हो, उसे पूरा समय मिलना चाहिए। कपिल ने अपनी गेंदबाजी से मौजूदा गेंदबाजों की तुलना पर कहा, दो अलग दौर के खिलाड़ियों की तुलना नहीं की जानी चाहिए। आज खिलाड़ी एक दिन में 300 रन बना लेते है लेकिन हमारे जमाने में ऐसा नहीं था।

## PSL में भी नहीं बिक सके केन विलियमसन


**एजेंसी । कराची**



न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) 2025 के लिए नहीं बिक पाए हैं। उन्होंने खुद को प्लेटिनम कैटेगरी में दर्ज कराया था, लेकिन किसी भी टीम ने उनके नाम पर दिलचस्पी नहीं दिखाई। बता दें कि विलियमसन समेत विश्व क्रिकेट के कई बड़े खिलाड़ी, जो इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) की नीलामी से नजर अंदाज किए गए थे, उन्होंने PSL की नीलामी में खुद का नाम दर्ज कराया था। इस पहले विलियमसन IPL 2025 की नीलामी में भी नहीं बिक सके थे। उन्होंने नीलामी में अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा था। IPL 2024 में वह गुजरात टाइटंस (GT) की टीम का हिस्सा था। हालांकि, इस खिलाड़ी को GT ने रिटेन नहीं किया था। इससे पहले IPL के पिछले 2 सीजन से विलियमसन सिर्फ 3 मुकाबले ही खेल पाए थे।

## रॉबिन उथप्पा ने फिर साधा विराट कोहली पर निशाना

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने फिर से विराट कोहली पर निशाना साधा है। उन्होंने दावा किया कि कोहली पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू को पसंद नहीं करते थे और इसके चलते उनका वनडे विश्व कप 2019 के लिए भारतीय टीम में चयन नहीं हुआ था। इससे पहले उथप्पा ने आरोप लगाया था कि कोहली की वजह से ही दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह का करियर जल्दी खत्म हो गया था। उथप्पा ने एक चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि वनडे विश्व कप 2019 से पहले तय था कि रायडू नंबर-4 पर खेलेंगे, लेकिन जब टूर्नामेंट के लिए टीम का ऐलान हुआ तो सब हैरान रह गए। टीम में रायडू की जगह विजयशंकर को 3D खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया।


### टीम चयन में कोहली की पसंद को प्राथमिकता

उथप्पा ने कहा, 'अगर उन्हें (विराट कोहली) कोई पसंद नहीं आता था, उन्हें कोई अच्छा नहीं लगता था तो उसे टीम से निकाल दिया जाता था। रायडू इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। आपको बुरा लगता है। हर किसी की अपनी पसंद है। मैं सहमत हूं, लेकिन आप किसी खिलाड़ी को उसके मुकाम तक पहुंचाने के बाद दरवाजे बंद नहीं कर सकते हो। रायडू के पास विश्व कप के कपड़े, किट बैग सब था, लेकिन उसका सपना टूट गया।'

चैंपियंस ट्रॉफी

## कमिंस, हेजलवुड चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम में


**एजेंसी । सिडनी**



पैट कमिंस को अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का कप्तान चुना गया है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी चोट के बावजूद टीम में जगह मिली है। मौजूदा वनडे विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने हरफनमौला मिचेल मार्श को भी चुना है जिन्हें सिडनी में भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रखा गया था। ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ रखा गया है। उसे अपने मैच लाहौर और रावलपिंडी में खेलने हैं। कमिंस भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टखने की चोट से जूझते रहे। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म और इस चोट के कारण आगामी श्रीलंका दौरे पर भी नहीं जा रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, उसने स्कैन कराया है लेकिन मुझे उसकी रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। हम उसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद आराम भी देना चाहते थे। वहीं चोट के कारण मेलबर्न और सिडनी टेस्ट से बाहर रहे हेजलवुड श्रीलंका दौरे की टीम में नहीं है लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम का हिस्सा हैं।


## दक्षिण अफ्रीका टीम में एंगिडी और नोर्जे शामिल

**एजेंसी । जोहानिसबर्ग**



दक्षिण अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली टीम में चोट से उबर चुके तेज गेंदबाज लुंगी एंगिडी और एनरिच नोर्जे को शामिल किया है। नोर्जे को पिछले महीने अंगूठे में चोट लगी थी जिससे वह पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज नहीं खेल सके थे। वहीं नवंबर में ग्रोइन की चोट के कारण एंगिडी श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज से बाहर रहे थे। तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएत्जी को ग्रोइन की चोट के कारण बाहर रखा गया है। वहीं तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बाहर हैं। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के दौरान ऊंगली में हुए फ्रेक्चर से उबर रहे हरफनमौला वियान मूल्डर टीम में हैं। वनडे विश्व कप 2023 सेमीफाइनल खेलने वाली दक्षिण अफ्रीकी टीम को टूर्नामेंट में ग्रुप बी में रखा गया है। वह अफगानिस्तान से कराची में 21 फरवरी को पहला मैच खेलेगी।

## राज कुंद्रा ने किया अपनी पहली पंजाबी फिल्म का ऐलान



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति और बिजनेसमैन राज कुंद्रा अक्सर किसी न किसी कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने साल 2023 में आई फिल्म 'UT 69' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इस फिल्म ने टिकट खिड़की पर केवल 25 लाख रुपये का कारोबार किया था। अब कुंद्रा पंजाबी सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं।

### फिल्म में नजर आएंगे ये कलाकार

कुंद्रा की पहली फिल्म का नाम 'मेहर' है। लोहड़ी के खास मौके पर फिल्म का पहला वीडियो सामने आ गया है, जिसमें ऑस्कर की ट्रॉफी भी दिखाई दे रही है।फिल्म की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में गीता बसरा, बनिंदर बनी, सविता भाटी, आशीष दुग्गल, दीप मनदीप और मास्टर अगमवीर सिंह जैसे सितारे भी नजर आने वाले हैं।

## 'धूम 4' में हुई रणबीर कपूर की एंट्री




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म सीरीज 'धूम' की चौथी किस्त को लेकर लंबे समय से खबरें आ रही हैं। इसके लिए अब तक कई नाम सामने आ चुके हैं। चर्चा थी कि आमिर खान, जॉन अब्राहम और ऋतिक रोशन इसका हिस्सा होंगे। सलमान खान-अक्षय कुमार का नाम भी इससे जुड़ चुका है। अब 'धूम 4' में रणबीर कपूर की एंट्री हो चुकी है। उनका नाम फिल्म के लिए तय हो चुका है। आइए बताते हैं फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'धूम 4' की शूटिंग अप्रैल, 2026 में शुरू होगी। फिल्म की कहानी पर काम शुरू हो चुका है। 'रामायण' और 'लव एंड वॉर' की रिलीज के बाद रणबीर 'धूम 4' पर काम शुरू करेंगे। इस फिल्म में खलनायक की भूमिका निभाने के लिए दक्षिण भारतीय सिनेमा के एक दिग्गज अभिनेता के नाम पर विचार किया जा रहा है, वहीं फिल्म में रणबीर के साथ 2 अभिनेत्री मुख्य भूमिका में दिखेंगी।

### कास्टिंग पर काम जल्द होगा शुरू

रणबीर को फिल्म 'धूम 4' में मुख्य भूमिका सौंप गई है। काफी समय से निर्माता आदित्य चोपड़ा इस सिलसिले में रणबीर से बातचीत कर रहे थे। रणबीर ने हमेशा ही धूम फ्रैंचाइजी में दिलचस्पी दिखाई है। अब आखिरकार उन्हें इसका हिस्सा बना दिया गया है। चौथी किस्त धूम फ्रैंचाइजी की सबसे बड़ी फिल्म होगी और यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय सिनेमा का कद ऊंचा करेगी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जल्द ही कास्टिंग पर काम शुरू किया जाएगा।

## 'बॉर्डर 2' की तैयारी शुरू

### नए लुक में दिखे वरुण धवन



बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए। इस दौरान वरुण धवन का नया लुक देखा गया। इस लुक को देख कर ऐसा लग रहा है कि एक्टर ने 'बॉर्डर 2' की तैयारी शुरू कर दी है। पपराज़ी द्वारा शेयर किए गए वीडियो में, वरुण कैजुअल लेकिन कूल आउटफिट में नजर आए। एक्टर ने नीली जींस पहनी थी, जिसे उन्होंने सफेद टी-शर्ट और काले रंग की लेदर जैकेट के साथ पेयर किया था।

वरुण धवन ने मूंछ और हल्की दाढ़ी वाले कूल सनग्लासेस के साथ अपने लुक को पूरा किया। वरुण धवन 'बॉर्डर 2' के स्टार-स्टडेड कास्ट में सबसे नए कलाकारों में से एक हैं, जिसमें सनी देओल भी अपनी प्रतिष्ठित भूमिका को दोहराते हुए दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी के साथ नजर आएंगे।

जेपी दत्ता द्वारा निर्देशित मूल फिल्म भारतीय सिनेमा में मील का पत्थर साबित हुई थी, जिसमें 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दर्शाया गया था और दर्शकों को सुनील शेट्टी द्वारा बीएसएफ अधिकारी भैरव सिंह की भूमिका जैसे अविस्मरणीय किरदारों से परिचित कराया गया था। हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान द्वारा निर्मित 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। अभिनेता के पास 'भेड़िया' का सीक्वल भी है। फिल्म में कृति सनोन भी मुख्य भूमिका में हैं। मैडॉक फिल्म्स की घोषणा के अनुसार, भेड़िया 2 अगले साल 14 अगस्त को रिलीज होगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# बाजार में तबाही से 25 लाख करोड़ डूबे

- 13 लाख करोड़ निवेशकों के डूबे एक दिन में
- 500 शेयर बीएसई के एक साल के निचले स्तर पर पहुंचे
- 700 से ज्यादा शेयरों में निचला सर्किट लगा
- 80 शेयर 20 से 55 फीसदी तक टूटे एक साल की ऊंचाई से
- 06 सत्रों में गिरावट रही जनवरी के कुल नौ सत्रों में
- 2.3 फीसदी टूटे चुके बाजार जनवरी में अब तक



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार में चौतरफा भारी बिकवाली का सिलसिला लगातार चौथे दिन भी जारी रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में कुल 1,869 अंक यानी 2.39 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। इससे निवेशकों को निवेशकों को कुल 24.69 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सोमवार को ही अकेले निवेशकों की कमाई में 12.61 लाख करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1048.90 अंक अर्थात 1.36 प्रतिशत का गोता लगाकर सात महीने बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 76,330.01 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 11 जून 2024 को 76,456.59 अंक पर रहा था। साथ ही निफ्टी 345.55 अंक यानी 1.47 प्रतिशत लुढ़ककर 23,085.95 अंक पर बंद हुआ। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर 2024 में अपने सर्वकालिक उच्चस्तर से सेंसेक्स और निफ्टी 13% तक नीचे आ गए हैं।

### शेयर बाजार और रुपये में कमजोरी की 9 प्रमुख वजहें

- **कच्चे तेल का संकट:** अमेरिका के रूस पर लगे ताजा प्रतिबंधों से कच्चा तेल तीन माह की ऊंचाई पर पहुंचा
- **रुपये में तेज गिरावट:** कच्चे तेल और डॉलर की मजबूती से रुपया 55 पैसे टूटकर 86 .59 प्रति डॉलर तक आ गिरा
- **ट्रंप को लेकर अनिश्चितता:** पद संभालने के बाद ट्रंप भारत समेत कई देशों पर ऊंचे शुल्क लगा सकते हैं
- **विदेशियों की ताबड़तोड़ बिकवाली:** जनवरी में विदेशी निवेशकों की 21,350 करोड़ की बिकवाली से बना दबाव
- **निवेशक सतर्क:** बजट की घोषणाओं को लेकर निवेशक सतर्क हैं, लोकलुभावन बजट से बाजार में निराशा बढ़ेगी
- **ब्याज दरों को लेकर चिंता:** निवेशक चिंतित हैं कि ट्रंप की नीतियां फेड के ब्याज कटौती के फैसले को पलट सकती हैं
- **आरबीआई कब करेगा कटौती:** महंगाई की चिंता के चलते पिछली कई तिमाहियों से ब्याज दरों में कटौती लगातार टल रही है
- **तिमाही नतीजों में गिरावट की आशंका:** पिछली दो तिमाहियों में सुस्त नतीजों के बाद बीती तिमाही के नतीजे भी नरम रहने का अनुमान
- **जीडीपी की सुस्त रफ्तार:** जीडीपी के चार साल के निचले स्तर यानी 6 .4 प्रतिशत तक गिरने के अनुमान ने बढ़ाया दबाव

### फिलहाल राहत के आसार नहीं

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि शेयर बाजारों में आई भारी गिरावट के लिए कई कारण जिम्मेदार हैं। इनमें विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कमजोर तिमाही नतीजे, पहली छमाही के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से कम पूंजीगत खर्च और उपभोक्ता मांग में सुस्ती जैसे कारण शामिल हैं। उनका कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में सुधार की गति फिलहाल धीमी रह सकती है।



**सेंसेक्स का हाल**

- 3562 शेयरों में गिरावट
- 555 शेयरों में ही तेजी रही

**निफ्टी में भी पिटाई**

- 2525 शेयरों में गिरावट
- 326 शेयरों में ही तेजी

# लॉस एंजिलिस की आग बेकाबू

**एजेंसी | लॉस एंजिलिस**

अमेरिका के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी आग पर सोमवार को भी काबू नहीं पाया जा सका। आग से अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। 16 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। उन्होंने एक केंद्र स्थापित किया है जहां लापता लोगों की सूचना दर्ज कराई जा सकती है। मौसम सेवा एजेंसी ने अगले दो दिनों में तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया है, जिसके चलते अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पानी की कोशिश तेज कर दी है।

**अब तक 24 की मौत**



### और बेकाबू हो सकती है आग

राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बुधवार तक भीषण आग की स्थिति के लिए उच्च श्रेणी की चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने क्षेत्र में 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। पर्वतीय क्षेत्रों में हवा की गति 113 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी रिच थॉम्पसन ने कहा कि मंगलवार को आग के और प्रचंड होने की आशंका रहेगी। लॉस एंजिलिस काउंटी के अग्निशमन प्रमुख एंथनी सी मारोन ने कहा कि आग बुझाने की कवायद में तेजी लाने के लिए पानी के 70 अतिरिक्त ट्रक पहुंचे हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्रधानमंत्री ने सोनमर्ग टनल का किया इनॉगरेशन

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे NH-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं।' उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा।

### जीएसटी अधिकारी गिरफ्तारी का कारण बताकर पावती भी लेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को अब अपराधियों को 'गिरफ्तारी के आधार' के बारे में बताने के साथ उनसे लिखित पावती भी लेनी होगी। सीबीआईसी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के तहत दंडनीय अपराधों के संबंध में गिरफ्तारी और जमानत से संबंधित दिशा-निर्देशों में ये संशोधन किए हैं। सीबीआईसी ने कहा, गिरफ्तार किए जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में समझाया जाना चाहिए और गिरफ्तारी ज्ञापन के संलग्नक के तौर पर उसे लिखित रूप में भी दिया जाना चाहिए। गिरफ्तारी ज्ञापन को लागू करते समय गिरफ्तार व्यक्ति से इसकी पावती ली जानी चाहिए।

### स्मृति ईरानी पर मानहानि का केस दायर करवाएगी आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि उसके विधायकों महेंद्र गोयल और जय भगवान को फर्जी आधार कार्ड बनवाने के मामले में जांच एजेंसी ने केवल एक गवाह के तौर पर बुलाया था। उन्हें अपराधी नहीं बताया गया है। लेकिन पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता स्मृति ईरानी ने एक प्रेस कांफ्रेंस कर यह आरोप लगाया था कि आम आदमी पार्टी के दोनों विधायक फर्जी आधार कार्ड बनवाने के मामले में लिप्त पाए गए हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि यह सरासर झूठ है और वह इन नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करवाएगी। आप पार्टी ने भाजपा पर उसे बदनाम करने का आरोप लगाया है।

### हज के लिए भारत-सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय समझौता

**नई दिल्ली।** भारत के लोगों के लिए एक अच्छी खबर है। हज के लिए भारत और सऊदी अरब ने एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत 2025 में नई दिल्ली को वार्षिक हज यात्रा के लिए 1,75,025 हजयात्रियों का कोटा आवंटित किया गया है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर इसकी जानकारी दी। भारत सरकार के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने जेद्दा में सऊदी हज और उमरा मंत्री डॉ. तौफीक बिन फौजान अल-राबिया के साथ हज समझौते 2025 पर हस्ताक्षर किए।

### मोदी और केजरीवाल एक जैसे: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव में राहुल गांधी ने पहली रैली सोमवार को सीलमपुर विधानसभा इलाके में की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल एक जैसे हैं। दोनों अडाणी के बारे में एक भी शब्द नहीं बोलते हैं। देश में 150 अरबपति लोग हैं, जो भारत को कंट्रोल करते हैं। देश का पूरा फायदा इन अरबपतियों को मिलता है। अडाणी-अंबानी, मोदी की मार्केटिंग करते हैं। कांग्रेस अरबपतियों का देश नहीं चाहती है। राहुल ने कहा कि मोदी और अरविंद केजरीवाल ने महंगाई कम करने का वादा किया था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। भारत में गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, अमीर और अमीर होते जा रहे हैं।

# भारतीय जेलों में 75% क़ैदी विचाराधीन

## महज 25 फीसदी सजायाफ्ता



**एजेंसी | नई दिल्ली**

देशभर की जेलों लगभग 75 फीसदी विचाराधीन कैदी है, जबकि सजायाफ्ता कैदियों की संख्या की महज 25 फीसदी है। इतना ही नहीं, जम्मू कश्मीर, दिल्ली और बिहार की जेलों में सजायाफ्ता की तुलना में विचाराधीन कैदियों की संख्या राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इसका खुलासा, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा जारी विचाराधीन कैदी समीक्षा समिति (यूटीआरसी) की रिपोर्ट में किया गया है।

**प्रमुख राज्यों में कुल कैदी**

| राज्य | कुल कैदी | विचाराधीन कैदी | फीसदी |
|---|---|---|---|
| बिहार | 48834 | 42183 | 86 .4 |
| यूपी | 87121 | 62535 | 71.8 |
| दिल्ली | 18691 | 6541 | 88 .5 |
| झारखंड | 16753 | 11750 | 70 .1 |
| उत्तराखंड | 6188 | 3839 | 62 .0 |
| मध्य प्रदेश | 42775 | 22755 | 53 .2 |
| हरियाणा | 26360 | 20381 | 77 .3 |
| जम्मू कश्मीर | 4923 | 4802 | 97 .5 |
| महाराष्ट्र | 37635 | 30885 | 82 .1 |

### कैदियों की संख्या 5 लाख 5870

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि देशभर की जेलों में कुल कैदियों की संख्या 5 लाख 5870 है और इनमें से 3 लाख 77310 यानी 75 .46 फीसदी विचाराधीन कैदी हैं। इसमें कहा गया है कि जम्मू कश्मीर की जेलों में कुल कैदियों का 97 .5 फीसदी विचाराधीन कैदी है, जबकि दिल्ली में 88 .5 फीसदी और बिहार में 86 .5 फीसदी विचाराधीन कैदियों की संख्या है।

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 2015 में गठित हुआ है यूटीआरसी

जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखने एवह अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर देश के सभी जिलों में विचाराधीन कैदी समीक्षा समिति (यूटीआरसी) का गठन किया गया। इस समिति में संबंधित जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष होते हैं, जबकि जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव और जेलों के प्रभारी अधिकारी सदस्य होते हैं। देश के 705 जिलों में यूटीआरसी है।

### 25982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया

नालसा की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में यूटीआरसी की सिफारिश पर देशभर की जेलों से 25982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया है जो कि जेलों में बंद कुल कैदियों का 5 फीसदी है। साथ ही कहा है कि 2019 की तुलना में 2024 में 108 फीसदी अधिक कैदियों को समिति की सिफारिश पर रिहा गया है। 2019 में समिति की सिफारिश पर 12487 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया गया था। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में समिति ने कुल 53954 कैदियों को रिहा करने की सिफारिश की थी और इनमें से 25982 विचाराधीन कैदियों को रिहा किया है। इतना ही नहीं, इनमें से 6 हजार से अधिक कैदी पिछले 3 माह के भीतर रिहा किए गए।

### अवध ओझा का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश



**एजेंसी | नई दिल्ली**

पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी उम्मीदवार अवध ओझा का दिल्ली की मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर शुरू हुआ विवाद सोमवार दोपहर बाद थम गया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने खुद अवध ओझा का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय जाकर मुलाकात की। मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग ने भरोसा दिया है कि उनका नाम जोड़ा जाएगा।

### कर्ज 2025-26 में होगा सुलभ: फिच

**एजेंसी | नई दिल्ली**

साख तय करने वाली फिच रेटिंग्स ने सोमवार को कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगातार हो रही वृद्धि, बैंक क्षेत्र की वित्तीय स्थिति में सुधार और 2025 में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनियों के लिए कर्ज लेने को सुलभ बनाएगी। उच्च पूंजीगत व्यय के बावजूद, कर पूर्व आय मार्जिन व्यापक होने से अगले वित्त वर्ष (अप्रैल 2025-मार्च 2026) में रेटिंग प्राप्त भारतीय कंपनियों के कर्ज लेने से जुड़े मानदंडों में सुधार की उम्मीद है।

# गोदरेज प्रोफेशनल ने शरवरी को अपना पहला ब्रांड एंबेसडर बनाया!

### फैशन और अभिनय की दुनिया में छा रही शरवरी का नया मुकाम

**मुंबई।** बॉलीवुड की उभरती हुई स्टार और फैशन आइकन, शरवरी, को गोदरेज प्रोफेशनल ने अपनी पहली ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया है। गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (जीसीपीएल) द्वारा पेश किया गया यह प्रमुख पेशेवर हेयर ब्रांड, हेयर कलर और हेयर केयर की पेशकश करता है। शरवरी का ब्रांड से जुड़ाव गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के ग्रैंड फिनाले में हुआ, जो एक राष्ट्रीय मंच पर हेयर स्टाइलिस्टों को सम्मानित करने का अवसर था।



### शरवरी का बेहतरीन अभिनय और ब्रेक-आउट स्टार बनने का सफर

शरवरी ने 'मुंज्या', 'महाराज' और 'वेद' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अभिनय से अपनी पहचान बनाई है। इस साल ने उन्हें एक ब्रेक-आउट स्टार के रूप में स्थापित किया। गोदरेज प्रोफेशनल स्पॉटलाइट के ग्रैंड फिनाले में उन्होंने 2025 के ट्रेंडिंग हेयर कलर और स्टाइलिंग लुक्स का अनावरण किया और शोस्टॉपर के रूप में अपनी छाप छोड़ी।

### ब्रांड के विकास में शरवरी की भूमिका

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के महाप्रबंधक, अभिनव ग्रांधी ने इस विकास पर टिप्पणी करते हुए कहा, 'हम शरवरी को गोदरेज प्रोफेशनल का पहला ब्रांड एंबेसडर बनाकर खुश हैं। वह एक फैशन और लाइफस्टाइल आइकन हैं और लाखों लोग उनकी स्टाइल और ग्रेस को पसंद करते हैं। उनका जुड़ाव उस समय हुआ है जब हम हेयर और ब्यूटी इंडस्ट्री में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहे हैं।'

### शरवरी का व्यक्तित्व: ब्रांड के लिए एक स्वाभाविक पसंद

शरवरी का अभिनय और उनके साथ जुड़ा व्यक्तित्व न केवल उनके लिए, बल्कि ब्रांड के लिए भी एक आदर्श मिश्रण है। उनका विश्वास, आकांक्षा और फैशन-फॉरवर्ड व्यक्तित्व उन्हें ब्रांड के लिए स्वाभाविक रूप से एकदम सही विकल्प बनाता है।

# शाही ईदगाह विवाद में 15 जनवरी को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

## HC ने मस्जिद समिति की याचिका की थी खारिज

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट 15 जनवरी को मथुरा, यूपी में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में याचिका खारिज करने के आदेश के खिलाफ मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका पर सुनवाई करेगा। पिछले साल 1 अगस्त को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ ने मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मामलों की सुनवाई को चुनौती देने वाली प्रबंधन समिति, ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह की याचिका को खारिज कर दिया था और फैसला सुनाया था कि शाही ईदगाह के 'धार्मिक चरित्र' को निर्धारित करने की जरूरत है।



मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने पिछले साल 9 दिसंबर को मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की और सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के अनुसार यह मामला 15 जनवरी को पीठ के समक्ष आने वाला है। हिंदू पक्षों में से एक, जिसका प्रतिनिधित्व अधिवक्ता बरुण सिन्हा ने किया था, ने तर्क दिया था कि मस्जिद समिति विवाद पर एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मस्जिद समिति की याचिका वर्तमान चरण में शीर्ष अदालत में सुनवाई योग्य नहीं है।

वकील ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नियमों का हवाला दिया और तर्क दिया, 'इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नियमों के अध्याय 8 के मद्देनजर, उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष एक विशेष अपील स्वीकार्य होगी।' उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय में अपील 'उच्च न्यायालय की एकल न्यायाधीश पीठ के आदेश के खिलाफ स्वीकार्य नहीं है' और उच्च न्यायालय में एक अंतर-न्यायालय अपील दायर की जानी चाहिए थी। इसलिए वकील ने याचिका को खारिज करने की मांग की। पिछले साल 29 नवंबर को, सीजेआई के नेतृत्व वाली पीठ ने याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति व्यक्त की। सीजेआई ने कहा, 'हम इस पर विस्तार से सुनवाई करेंगे। हम इस पर 9 दिसंबर को दोपहर 2 बजे सुनवाई करेंगे... हमें तय करना है कि कानूनी स्थिति क्या है'।

# 'मार्क जकरबर्ग भी बांट रहे झूठा ज्ञान'

## जुकरबर्ग बोले- 2024 में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारें हारीं



**एजेंसी | नई दिल्ली**

मोदी सरकार गिरने के मार्क जकरबर्ग के दावे पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें जमकर सुनाया है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर वैष्णव ने कहा कि मराक्ज जुकरबर्ग खुद ही झूठी जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही निराशाजनक है। उन्हें तथ्यों और विश्वसनीयता का बनाकर रखना चाहिए। दरअसल मार्क जकरबर्ग ने एक बयान में कहा था कि 2024 का साल दुनिया के लिए काफी कठिन रहा। कोविड 19 के बाद कई देशों में चुनाव हुए और भारत समेत कई देशों की सरकारें गिर गईं।

### जकरबर्ग का दावा गलत : वैष्णव

वैष्णव ने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत में 2024 के चुनाव में 64 करोड़ लोगों ने भाग लिया। भारत के लोगों ने एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जताया। जकरबर्ग का दावा है कि भारत समेत ज्यादातर देशों की सरकारें 2024 के चुनाव में गिर गईं जो कि पूरी तरह से गलत है।

### बम विस्फोट की झूठी सूचना देने वाला गिरफ्तार



**एजेंसी | बेंगलुरु**

कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस ने बम विस्फोट करने की फर्जी सूचना देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने पांच लोगों से बदला लेने के लिए फोन कर झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने दावा किया कि पांचों लोगों ने शहर में पिछले साल हुए रामेश्वरम कैफे विस्फोट जैसा विस्फोट करने की साजिश रची है। संदिग्ध सैयद ने नौ जनवरी को पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया था और झूठा आरोप लगाया था कि इस्माइल, अल्ताफ, नाहिद, अमजद और हुमायूं शहर में विस्फोट करने की साजिश रच रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हमने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने बदला लेने के लिए पांच लोगों को मामले में फंसाने की कोशिश की थी।